
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22



श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
• TOP MEDICAL Colleges of INDIA
• Management Quota Seat
• NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444

Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)



वर्ष- 14 अंक - 266 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 9 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### विधानसभा चुनाव 2023 : छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने बनाई घोषणा पत्र समिति, दुर्ग सांसद विजय बघेल बने संयोजक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से कमर कस ली है। पार्टी के फ्रंट लाइन के नेताओं के दौरों के साथ ही इस बार चुनाव में पूरी ताकत झोंकी जा रही है। इसी कड़ी में पार्टी ने शनिवार को चुनावी घोषणा पत्र समिति का ऐलान किया है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल को समिति का संयोजक बनाया गया है। वहीं बीजेपी नेता रामविचार नेताम और अमर अग्रवाल को सह संयोजक बनाया गया है। चुनावी घोषणा पत्र समिति कुल 31 नेताओं को जगह दी गई है।



### टमाटर के बाद अब परवल और करेले ने भी दिखाए तेवर, हरी मिर्च हुई और तेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टमाटर की चाल परवल, बोड़ा, करेला, शिमला मिर्च व हरी मिर्च भी चलने लगे हैं। ये सब्जियां 80 से 140 रुपये किलो बिक रही हैं। अन्य सब्जियां भी आंखें तरेर रही हैं। नतीजा, अब ज्यादातर लोग सब्जियां कम ही खरीद रहे। गर्मी और बारिश से सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।

टमाटर 120 से 140 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि इसके पीछे चले देसी परवल भी 120-140 रुपये किलो बिका। करेला व बोड़ा भी 80 से सौ रुपये था। कारोबारियों ने बताया कि बारिश होने से सब्जियां और महंगी होंगी। क्योंकि इसकी फसल खराब हो जाती है। ऐसे में सब्जी की निकासी कम हो गई है। अभी काफी सब्जियां बाहर से आ रही हैं रांची से गोभी, बंगलूरु से टमाटर व अदरक, बाराबंकी से हरी मिर्च, पंजाब से शिमला मिर्च, अंबिकापुर से खीरा और पश्चिम बंगाल से कुनरू आ रहा है।

छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की बड़ी पहल

# स्कूली व यात्री बसों में लगेंगे जीपीएस और पैनिक बटन


श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं एवं स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पैनिक बटन लगाने की तैयारी है। पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे चालकों की मनमानी पर रोक लगने के साथ हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। जीपीएस सिस्टम का कंट्रोल रूम डायल 112 के कार्यालय में बनाया गया है।

परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफी सहूलियत होगी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 12 हजार बसें संचालित हो रही हैं, जो अलग-अलग रूट से प्रदेश के कोने-कोने तक जा रही हैं। इसी तरह राज्य में लगभग 6000 स्कूल बस भी संचालित है। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल-पल की जानकारी मिलेगी।

### परिवहन विभाग ने डेवलप किया सिस्टम

गौरतलब है कि राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा ताकि स्कूल बस यदि बच्चों को लेकर निर्धारित रूट के अलावा कहीं जाये तो ऑटोमैटिक अलर्ट आ जाये। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।



### ऐसे काम करता है पैनिक बटन

पैनिक बटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम व परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे। दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के लिये निर्देश दिए थे ताकि इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनो को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है ।

### जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन लगाने का निर्णय

"प्रदेश में चलने वाली निजी बसों में जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन लगाने का निर्णय लिया गया है। इससे बस की पल-पल की जानकारी मिल सकेगी।

-दीपांशु काबरा, आयुक्त, परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़

### क्या है जीपीएस

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस एक ऐसा उपकरण है, जिसे अगर गाड़ी में फिट कर दिया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बसों के सही रूट की जानकारी मिल सकेगी। महिला और बच्चों के सुरक्षा के लिए राज्य के सभी स्कूल बस और यात्री बस को पैनिक बटन सुसज्जित जीपीएस के माध्यम से मॉनिटर किया जायेगा। इसके लिए निर्भया कमांड सेंटर बन कर तैयार हो चुका है।




# रेलवे बोर्ड का निर्णय, वंदेभारत एक्सप्रेस का घटेगा टिकट फेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत का संचालन तेजी से बढ़ रहा है। ट्रेन शुरू होने के बाद से इसे लेकर लोगों भारी उत्सुकता है। वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद एक ओर इसे लेकर यात्रियों में खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर इसका फेयर ज्यादा होने के कारण कई लोग इससे सफर करने से बच रहे हैं। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड ने वंदेभारत सहित अन्य ट्रेनों के एसी चेयर कार व एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में कटौती करने का निर्णय लिया है।

रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास में सफर करने वालों को बड़ी राहत देने की बात कही है। बोर्ड ने कहा है कि वंदे भारत सहित सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने जोनों से उन ट्रेनों में रियायती किराया योजना शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं जहां पिछले 30 दिनों में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत से कम रही है।

### बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत को नहीं मिल रहे यात्री

रेलवे ने बिलासपुर-नागपुर के बीच भी वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू की है। इस ट्रेन के शुरू होने के बाद इसमें भी यात्रियों का टोटा देखा गया। शुरुआत में यह ट्रेन 16 कोच के साथ चल रही थी लेकिन यात्रियों का टोटा होने के कारण इसके कोच आधे कर दिए गए। हालांकि अब भी इस ट्रेन में कई सीटे खाली रहती हैं। रेलवे बोर्ड की राहत योजना काम कर जाती है कि बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस के फेयर में भी कमी आएगी।

### अभी इतना है किराया

वंदेभारत एक्सप्रेस का बिलासपुर से नागपुर तक वर्तमान किराया एसी चेयर कार के लिए 1075 व एक्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2045 रुपए है। वहीं दुर्ग से नागपुर का किराया एसी चेयर कार के लिए 845 व एक्जीक्यूटिव क्लास के लिए 1575 रुपए है। यदि रेलवे बोर्ड इसमें 25 फीसदी की कटौती करता है तो बिलासपुर से नागपुर के बीच एसी व एक्जीक्यूटिव क्लास के किराए में क्रमशः 250 से 500 रुपए तक की कटौती हो जाएगी। वहीं दुर्ग से नागपुर के किराए में 200 से लेकर 375 रुपए तक की कटौती हो सकती है। यानी काफी हद तक किराया कम हो जाएगा जिससे ट्रेन में यात्रियों की संख्या अभी के मुकाबले बढ़ जाएगी।

# सीएम बघेल का भाजपा पर तंज : हमारा अनुशरण कर रहे भाजपा के लोग, छत्तीसगढ़ी क्या गोंडी, हलबी भी बोलेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और केन्द्रीय मंत्रियों के दौरे शुरू हो गए है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायपुर पहुंचे और यहां आमसभा को संबोधित किया। इस बीच मंच पर छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो से लेकर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के छत्तीसगढ़ी नारे की चर्चा हो रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर तंज कसते हुए उनके छत्तीसगढ़ प्रेम को दिखावा बताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा हमारा अनुशरण कर रही है। पिछले साल अमित शाह जी आए थे। साइंस कॉलेज मैदान में बैल की पूजा की। उससे पहले 15 साल कभी बैल की पूजा नहीं की। प्रधानमंत्री की सभा में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो लगाए थे। इससे पहले कभी लगाए थे क्या? यह कभी भी छत्तीसगढ़ के लोगों को सम्मान की दृष्टि से देखते ही नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों को नक्सली समझते थे, उनको गोली मारते थे और फर्जी केस बनाकर जेल में ठूंस देते थे।



सीएम भूपेश बघेल ने आगे कहा कि भाजपा की रणनीति रही है फूट डालो और राज करो। यह ज्यादा दिन चलेगा नहीं। सीएम बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ विकास के रास्ते पर तेजी से चल रहा है। भाजपा लाख कोशिश कर ले छत्तीसगढ़ रुकने वाला नहीं छत्तीसगढ़ बहुत आगे बढ़ गया है। भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के छत्तीसगढ़ी नारे को लेकर किए सवाल के जवाब में सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अभी तो सिर्फ 'छत्तीसगढ़ी' बोली है, आगे-आगे देखिए गोंडी, हलबी सहित सभी स्थानीय बोलियाँ भी बोलेंगे। गाय, बैल सबकी पूजा करेंगे। इन्हें अभी थोड़ी-थोड़ी छत्तीसगढ़ी संस्कृति समझ आई है। धीरे-धीरे जनता इन्हें और सिखा देगी।

# धरमलाल कौशिक व विष्णु देव साय को मिली भाजपा की राष्ट्रीय टीम में जगह, बने राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य

**रायपुर (एसकेपी न्यूज)।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी लगातार संगठनात्मक बदलाव कर रही है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय कार्यसमिति में फेरबदल किया है। नई सूची में छत्तीसगढ़ के दो नेताओं को जगह मिली है। धरम लाल कौशिक और विष्णु देव साय को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय कार्यसमिति में चुना है।




भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के देखते हुए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। शीर्ष नेता बैठक ले रहे हैं और जरूरत के अनुसार संगठन में बदलाव भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के दो नेताओं को राष्ट्रीय कार्यसमिति में जगह दी गई है। इस वर्ष नवंबर दिसंबर में यहां विधानसभा चुनाव होने हैं और 2024 में लोकसभा चुनाव भी हैं। इसे देखते हुए भाजपा प्रदेश के आदिवासी और ओबीसी वर्ग से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ नेताओं को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है।

# मनोभावों को कैसे ताड़ जाते हैं सिद्ध पुरुष

श्रीकंचपनथ




सिद्ध पुरुष एक प्राचीन अवधारणा है। माना जाता है कि सिद्धपुरुषों को अपने आसपास की घटनाओं का पूर्वाभास हो जाता था। किसी भी व्यक्ति के चेहरे को देखकर वे उसके बारे में काफी कुछ जान जाते थे, पूछने पर बता भी देते थे। इस तरह के कई ज्योतिषी आज भी मिल जाएंगे जो चेहरा पढ़कर भूतकाल के बारे में काफी कुछ बता देते हैं। दरअसल, चेहरा पढ़ना भी एक विज्ञान है। बच्चा झूठ बोलता है तो उसकी मां फौरन पकड़ लेती है। बच्चे ने आज कोई शरारत की है या किसी मुसीबत में फंसकर घर लौटा है, यह आभास भी उसे बच्चे का चेहरा देखकर ही हो जाता है। पति लाख चाहे पर अपनी पत्नी से सच नहीं छिपा पाता। इसकी वजह भी साफ है -महिलाएं घर गृहस्थी को ज्यादा गंभीरता से लेती हैं। उनके लिए रिश्ते-नाते और सामाजिक संबंध मायने रखते हैं। उसका परस्पर जुड़ाव अधिक होता है। कामकाजी महिलाओं में इस विद्या की धार भोथरी हो जाती है, ठीक उसी तरह जिस तरह अधिकांश पुरुषों में यह क्षमता बहुत कम हो जाती है। इस विद्या का उपयोग कर कुछ लोग अपनी-अपनी दुकानें चलाने लगते हैं। भोले-भाले लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मान लेते हैं। बस इतनी सी बात है। किसी को इस आस्था से सुकून मिलता हो तो कोई बुराई भी नहीं है। सुहानी और धीरेन्द्र शास्त्री दोनों चेहरा पढ़ने में माहिर हैं। वैसे भी दिन भर में आप हजार-दो हजार लोगों को आशीर्वाद देंगे तो इनमें से 100-50 का फलित हो जाना महज संयोग ही होता है। भविष्य के बारे में सटीक जानकारी किसी के वश में नहीं। सतयुग के भी ऐसे सैकड़ों प्रसंग पढ़ने को मिल जाएंगे जब एकाएक आई मुसीबत का हल ढूंढने के लिए लोग ब्रह्मा-विष्णु-महेश की शरण में चले गये। समस्या को देखकर उसका हल ढूंढा गया। भविष्यवाणी भी केवल आस्था और विश्वास का मामला है, यह किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं है। यदि हम मानते हैं कि सनातन भारत में विज्ञान ने बहुत तरक्की की तो हमें यह भी मानना पड़ेगा कि कुछ लोग थे जिन्होंने प्रत्येक मान्यता को चुनौती दी और नया हल ढूंढ कर लाए। विज्ञान इसी तरह आगे बढ़ता है। हमने अपने ही जीवन काल में टंगस्टन फिलामेंट वाले बल्वों को मरकरी लैंप, सीएफएल और अब एलईडी में बदलते देखा है। जो जाली वाले एरियल से रेडियो चलाते थे उनके लिए 'बेतार' एक आश्चर्य था। पर आज स्मार्ट फोन और मेटावर्स के दौर में कौन उन बातों को याद करता है? जिन भी लोगों को लगता है कि लोगों को सोचना बंद कर देना चाहिए, शोधों पर रोक लगा देनी चाहिए, घटनाओं को समझने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए, उन्हें क्या ही कहा जा सकता है? एक गीत याद आता है - 'मैं पल दो पल का शायर हूं... कल और आएंगे नगमों की खिलती कलियां चुनने वाले, मुझसे बेहतर कहने वाले, तुमसे बेहतर सुनने वाले।'


॥ ऊं नमः शिवाय ॥ ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ ऊं नमः शिवाय ॥

आमंत्रण

सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्र महाभिषेक



शंकर प्रिय मम द्रोही,
सिव द्रोही मम दास।
ते नर करहिं कलप भरि,
घोर नरक महुँ बास॥



मान्यवर,

अत्यन्त ही हर्ष के साथ आप सभी नगर वासियों को सूचित किया जा रहा है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा भोले नाथ की कृपा से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। अतः सभी श्रद्धालु भक्तों से विनम्र निवेदन है पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने में सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बनें।

धन्यवाद !

कार्यक्रम

दिनांक 9 जुलाई 2023, दिन रविवार प्रातः 8 बजे से
विशाल कलश यात्रा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण
दिनांक 10 जुलाई 2023, दिन सोमवार
सवालाख बेलपत्र में सीता राम लेखन!

दिनांक 11 जुलाई 2023, दिन मंगलवार प्रातः 10 बजे से
रूद्राभिषेक एवं श्रृंगार तत्पश्चात
महा आरती, महाप्रसाद
दिनांक 12 जुलाई 2023, दिन बुधवार प्रातः 9 बजे विसर्जन

स्थान - श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर (शत्रुहन्ता)
सेक्टर-6, सी- मार्केट, भिलाई नगर (छ.ग.)

## संपादकीय

### डेटा सुरक्षा की पहल

जैसे-जैसे हमारे जीवन में ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार हुआ, डेटा सुरक्षा और व्यक्ति की निजता की सुरक्षा के लिये सख्त कानून की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की गई। खासकर पिछले कुछ वर्षों में धोखाधड़ी और डेटा के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ती रही हैं। सरकार ने अब इस दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। जिससे मानसून सत्र में विधेयक के संसद में पेश किये जाने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, सरकार के भीतर और बाहर संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कानून को लेकर कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2019 में व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश किया था और तुरंत एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया था। पैनल को अपनी रिपोर्ट पेश करने में करीब दो साल लग गये। जिसमें समिति ने सिफारिश की थी कि किसी भी प्रावधान के आवेदन में सरकारी एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत डेटा के उपयोग से जुड़ी छूट को लेकर पर्याप्त सुरक्षा उपाय निर्धारित किये जाने चाहिए। जिससे निजी डेटा के दुरुपयोग की आशंका को टाला जा सके। अंततः अगस्त, 2022 में पुराने विधेयक को वापस ले लिया गया और तीन महीने बाद सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा जारी किया। फिर सार्वजनिक रूप से परामर्श आरंभ किया। मसौदे को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई क्योंकि इसमें केंद्र द्वारा अधिसूचित संस्थाओं को नागरिकों का डेटा एकत्र करने और उसके उपयोग के उद्देश्य के बारे में स्पष्टीकरण देने से छूट दी गई थी। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि लोगों को आश्वस्त किया जाये कि नवीनतम मसौदे में सरकारी एजेंसियों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। साथ ही विधेयक में मानदंडों के उल्लंघन से जुर्माने के दायरे में उन्हें भी आना होगा। बताया जा रहा है कि डिजिटल डेटा संरक्षण कानून निजी तथा सरकारी संस्थाओं पर समान रूप से भी लागू होगा। अब आईटी कंपनियों को यह जानकारी साझा करनी होगी कि वे नागरिकों की कौन सी सूचनाएं अथवा आंकड़े जुटा रही हैं और कितना संग्रहण कर रही हैं तथा कितना किसी अन्य के साथ साझा कर रही हैं। यह इसलिये भी जरूरी है कि पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों के आधार कार्ड व पैन कार्ड से संबंधित डेटा चोरी होने, साझा करने तथा लीक करने के मामले लगातार प्रकाश में आते रहे हैं। संदेह की सुई देशी-विदेशी कंपनियों की तरफ घूमती रही है। सख्त कानून के अभाव में सरकार भी कार्रवाई करने में असहाय नजर आती रही है। इतना ही नहीं, कई सुविधा प्रदाता कंपनियों के सर्वर तक विदेशों में स्थित होते हैं। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विदेशों में रखे डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ता जब कोई एप डाउनलोड करता है तो हमारी निजी जानकारी तक पहुंचने की अनुमति मांगी जाती है। हमारे फोन पर लगातार आने वाली व्यावसायिक कॉल इस बात का संकेत हैं कि हमारे फोन नंबर विभिन्न व्यावसायिक कंपनियों को बेचे गये हैं। निस्संदेह, अब डेटा संरक्षण कानून बनने के बाद इन कंपनियों को जवाबदेह बनाने में मदद मिलेगी। उम्मीद है इससे उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता आएगी। दरअसल, हमारे देश में उपभोक्ताओं की निजता व डेटा सुरक्षा के लिये पहल करने में बहुत देर हुई है। विकसित देशों ने बहुत पहले ही अपने नागरिकों के हितों के संरक्षण की दिशा में कदम उठा लिये थे। जिसके चलते आईटी कंपनियां नागरिकों के डेटा के दुरुपयोग के बार में कोई कदम नहीं उठा सकती क्योंकि इसको लेकर कड़े प्रावधानों के चलते उन्हें भारी मुआवजा देने के लिये बाध्य किया जाता है। विश्वास है कि सरकार नये डेटा सुरक्षा विधेयक में पर्याप्त सुरक्षा प्रावधानों को सुनिश्चित करेगी। ताकि भविष्य में लोगों की सहमति के बिना उनके डेटा का दुरुपयोग न किया जा सके। सरकार को समझना ही चाहिए कि लोगों की निजी सूचनाएं देश की बहुमूल्य संपदा है, जिसका संरक्षण प्राथमिकता के आधार पर हो।

“ संदेह की सुई देशी-विदेशी कंपनियों की तरफघूमती रही है। सख्त कानून के अभाव में सरकार भी कार्रवाई करने में असहाय नजर आती रही है। इतना ही नहीं, कई सुविधा प्रदाता कंपनियों के सर्वर तक विदेशों में स्थित होते हैं। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विदेशों में रखे डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ता जब कोई एप डाउनलोड करता है तो हमारी निजी जानकारी तक पहुंचने की अनुमति मांगी जाती है। हमारे फोन पर लगातार आने वाली व्यावसायिक कॉल इस बात का संकेत हैं कि हमारे फोन नंबर विभिन्न व्यावसायिक कंपनियों को बेचे गये हैं।

## जिन्हें डांटकर कुरसी से उठा दिया गया

तब गुरुकुलों की हालत बहुत पतली हो चली थी और आधुनिक शिक्षा भी सौ में से तीन ही लोग हासिल कर पाते थे। पढ़े-लिखों का बड़ा जलवा होता था। वह युवा विद्यार्थी भी पढ़ाई का महत्व जान गए थे। उस जमाने में मैट्रिक पास करके लाहौर के कॉलेज जाने लगे थे। वह एक दिन गणितीय समस्या में उलझकर टहल रहे थे, तो कुछ भटक गए, एक कोने पर पैर फिसला, तो सीधे कुएं में जा गिरे। डूबने लगे, लगा कि इहलीला समाप्त हो गई, पर मकान मालिक के पुराने नौकर के कानों में पानी की आवाज जा पड़ी और वह बचाने के लिए दौड़ आया।

उस दिन पढ़ाई और अपनी जिंदगी पर गुमान कुछ बढ़ गया। पिता छोटे दारोगा थे, तो बेटे का रुतबा भी बड़े दारोगा से कम न था। कभी यहां-वहां जाते रहते थे कि कोई ढंग की नौकरी मिल जाए, तो परिवार के काम आएं। एक दिन परिवार के पुजारी चाचा से मिलने जाने का मौका मिला। वह चाचा लाहौर में कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में कार्यरत थे। चाचा कहीं गए हुए थे, तो इंतजार करना पड़ा। बैठने के लिए पक्का चबूतरा था, गरमी से तप रहा था, तो विद्यार्थी महोदय वहां रखी एक खाली कुरसी पर जा विराजे। कुरसी बड़ी आरामदेह थी। जब कार्यालय के लोगों की नजर पड़ी, तो हल्ला गूंज उठा। तभी पुजारी चाचा भी आ गए। उन्होंने बुरी तरह से डांटना शुरू कर दिया और कहा कि तत्काल कुरसी से उठ जाओ। सब मिलकर डांटने-सुनाने लगे, पर विद्यार्थी को अजीब लगा। पूरे जोश में जवाब दिया, ‘एक कुरसी ही तो है, मैं क्यों नहीं बैठ सकता? अभी नहीं बैठ सकता, तो एक दिन बैठकर दिखाऊंगा।’ लोग हंस रहे थे कि ये बनेगा अभियंता और बैठेगा इस कुरसी पर? पर विद्यार्थी बिना नाराजगी शांत भाव से घर की ओर लौट चले। पीछे कार्यालय से कुछ दूर तक उपहासपूर्ण हंसी सुनाई पड़ती रही। कहा गया है कि समझदार लोग अपमान को प्रेरणा में बदल देते हैं, और यही हुआ। विद्यार्थी ने खुद को गणित में डुबो दिया। जब कोई खूब मेहनत करता है, तो विनम्र हो जाता है और कुछ नया सीखना-जानना बहुत आसान हो जाता है। कड़ी मेहनत के नतीजे अच्छे आए, रुड़की स्थित तत्कालीन थॉमसन इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश मिल गया। उस जमाने में पचास रुपये मासिक वजीफा भी मिलने लगा। कॉलेज में 25 रुपये में काम चल जाता था, तो वह 25 रुपये अपने परिवार के लिए भेज देते थे। उदारता और कुशलता से अंग्रेज व गैर-अंग्रेज मित्रों की लंबी-चौड़ी फौज बन गई थी। देखते-देखते पढ़ाई पूरी हुई, सरकारी नौकरी मिली। पहुंच गए लाहौर के उसी कार्यालय में, जहां से उपहास उड़ाते हुए एक दिन भगाया गया था।

> “ पिछले साल समूची दुनिया उस वक्त आश्चर्यचकित रह गई, जब 40 विधायकों ने विद्रोह कर दिया। उस समय शरद पवार की यह टिप्पणी वायरल हुई थी कि उद्धव में अनुभव की कमी है। वह इस बगावत को समय रहते जान न सके।

# सियासी परिवारवाद की नियति

शशि शेखर

महाराष्ट्र के सियासी प्रहसन में फिलहाल अजीत पवार ने बाजी मार ली है। क्या यह भारतीय राजनीति में अपराजेय माने जाने वाले शरद पवार के राजनीतिक अवसान का आरंभ है? उनकी सहयोगी शिवसेना पहले से इस दंश को भोग रही है। परिवार विशेष द्वारा संचालित राजनीतिक दलों की नियति में जैसे यह दुर्गति स्थायी तौर पर दर्ज होती है!

देवीलाल, मुलायम सिंह, नेहरू-गांधी, एनटी रामाराव, करुणानिधि आदि के परिवार इसके उदाहरण हैं। महाराष्ट्र की घटनाएं इस अंतहीन गाथा की नवीनतम कड़ियां भर हैं।

पहले शिवसेना की बगावत की बात कर लेते हैं। हर पार्टी में विद्रोह होते हैं, पर शिवसेना का बंटवारा अनूठा था। 1966 में स्थापना के समय से बाला साहब ठाकरे के निवास स्थान, यानी ‘मातोश्री’ का दबदबा अलग मुकाम रखता था। सिर्फ शिवसेना से जुड़े लोग ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के तमाम गणमान्य लोग मदद की आस में मातोश्री पहुंचते थे। इस लंबी सूची में संजय दत्त और उनके पिता सुनील दत्त का नाम भी शामिल है। कांग्रेसी होने के नाते सुनील दत्त वैचारिक तौर पर बाला साहब का विरोध करते आए थे, मगर मातोश्री को मना करने की आदत नहीं थी। आयु अधिक होने पर बाला साहब ने अपना उत्तराधिकारी पुत्र उद्धव ठाकरे को चुना, जबकि उनके भतीजे राज ठाकरे उनकी कार्यशैली के अधिक करीब थे। पुरानी रीति है कि पिता की गद्दी पर पुत्र विराजता है। यही वजह है कि शिवसेना के बड़े तबके ने उद्धव की अगुवाई मंजूर कर ली। राज ठाकरे ने अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली, पर मातोश्री का वर्चस्व कायम रहा।



इस अलगाव से काफी पहले वर्ष 1995 में शिवसेना को जब पहली बार सरकार बनाने का अवसर मिला, तब बाला साहब ने खुद कुरसी पर बैठने के बजाय मनोहर जोशी और नारायण राणे जैसे ‘वरिष्ठ शिवसैनिकों’ को अवसर दिया। यह समझदारी से उपजा फैसला था, ताकि गैर-जरूरी विवादों से बचा जा सके और अपना दबदबा भी अंतिम सांस तक कायम रह सके। उद्धव ठाकरे ने इसका उल्टा किया। भारतीय जनता पार्टी से मनमुटाव होने के बाद उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई। यहीं से मातोश्री के मालिक पर विवादों की छाया पड़नी शुरू हो गई कि उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे से समझौता कर लिया है।

दूसरी तरफ, उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री बनने के बाद एकनाथ शिंदे सहित तमाम शिवसैनिकों को लगने लगा कि अब हमारा क्या होगा? अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की हवा निकलती देख उन्होंने पहले से घात लगाकर बैठी भारतीय जनता पार्टी की ओर आकर्षित होना शुरू कर दिया। पिछले साल समूची दुनिया उस वक्त आश्चर्यचकित रह गई, जब 40 विधायकों ने विद्रोह कर दिया। उस समय शरद पवार की यह टिप्पणी वायरल हुई थी कि उद्धव में अनुभव की कमी है। वह इस बगावत को समय रहते जान न सके। समय का सिला देखिए, आज शरद पवार वही अभिशाप झेल रहे हैं। सन् 2019 में भी अजीत पवार ने उनसे छिटककर अलस्सुबह शपथ ली थी। बुजुर्ग पवार उस वक्त इस विद्रोह को नाकाम करने में कामयाब रहे थे, पर इस बार उनके दांव बेदम साबित हुए। परिवारवाद की दुर्गति की यह दूसरी मिसाल है।

याद करें, कुछ हफ्ते पहले शरद पवार ने इस्तीफा देने की घोषणा की थी और उसके बाद उनकी उम्मीद के अनुरूप भूचाल उठ खड़ा हुआ था। बाद में उन्होंने पुत्री सुप्रिया सुले और पुराने सहयोगी प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। अजीत पवार, जो कि शुरू से उनके सबसे विश्वस्त सहयोगी होते थे, मन मसोसकर रह गए थे, पर गुजरी 3 जुलाई को उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर उन्होंने एक बार फिर सबको चौंका दिया। गए बुधवार को वह यह साबित करने में सफल रहे कि प्रफुल्ल पटेल सहित पार्टी का सबसे बड़ा धड़ा उनके साथ है। इस फैसले से शिवसेना (शिंदे) के विधायकों में हड़कंप है। इनमें से एक भरत गोगावले की टिप्पणी गौरतलब है कि कल तक हम पूरी रोटी खा रहे थे, अब आधी से गुजारा करना होगा। तय है, महाराष्ट्र के सियासी अंत:पुर में हलचल मची रहेगी। राजनीति के रसियों को नई उठा-पटक के लिए खुद को तैयार रखना चाहिए।

सवाल उठ रहा है कि क्या महाराष्ट्र के बाद बिहार की बारी है?

बिहार में 9 अगस्त, 2022 को नीतीश कुमार ने भाजपा से अलग होकर एक बार फिर अपने पुराने साथी लालू यादव की पार्टी के साथ सरकार बनाने का फैसला किया था। वहां भी मामला बहुत कुछ महाराष्ट्र जैसा है, पर भारतीय जनता पार्टी के नुमाइंदे कह रहे हैं कि हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। क्या भगवा दल ने 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनाव सीधे अपने और अपने सहयोगियों के दम पर लड़ने का प्रण कर लिया है? उत्तर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी ने सीधी लड़ाई के जरिये यह मुकाम हासिल किया है। वर्ष 2012 के चुनाव में भगवा दल ने समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से सीधा मोर्चा लिया था। उस वक्त कुल 47 सीटें जीतकर उसे तीसरे स्थान पर सिमटना पड़ा था। आज उसके पास 255 विधायक हैं। पिछले लोकसभा चुनाव की कुल 80 में से 62 सीटें उसने जीती थीं, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए पार्टी ने अथक परिश्रम किया है।

बिहार संबंधी मूल प्रश्न पर लौटते हैं। फिलहाल महाराष्ट्र जैसी घटनाओं की आवृत्ति संभव नहीं दिखती। वजह? विधानसभा में एनडीए के पास कुल 82 विधायक हैं, यानी बहुमत के लिए उसे 40 सदस्यों के समर्थन की दरकार है। इसके लिए राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यू) के दो तिहाई सदस्यों को तोड़ना होगा। मौजूदा हालात में ऐसा मुमकिन नहीं लगता। मंडलवादी राजनीति में नीतीश कुमार और लालू यादव के कद और विधानसभा अध्यक्ष पद पर राजद से आने वाले अवध बिहारी चौधरी की मौजूदगी ऐसे किसी भी प्रयास को लगभग असंभव बना देती है।

यहां भूलना नहीं चाहिए कि नीतीश कुमार ने हमेशा असंभव को संभव कर दिखाया है। वह अलग-अलग संभावनाओं पर एक साथ काम करते हैं और उनमें से सर्वाधिक सटीक राह पर चल पड़ते हैं। हालांकि, वहां एक नई स्थिति पैदा हो रही है। दिल्ली की सीबीआई अदालत में पिछले सप्ताह लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और उनकी बहन मीसा भारती, रागिनी यादव सहित दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हो गया है। कानूनन अब इन लोगों को अदालत में हाजिर होना होगा। अगर उन्हें तत्काल जमानत न मिली, तो राष्ट्रीय जनता दल की कमान वक्ती तौर पर कौन संभालेगा? तेजस्वी यादव की पत्नी रेचल, भाई तेजप्रताप या कोई और?

इस सवाल के जवाब में तमाम राजनीतिक प्रश्नों के उत्तर छिपे हुए हैं।

# घुमंतू समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाता नौजवान

राजू केंद्रे, सामाजिक उद्यमी

सिर्फ पौराणिक कहानियां आने वाली पीढ़ियों को नहीं सौंपी जातीं, ऐतिहासिक और प्रामाणिक कथाएं भी उन्हें उसी महत्व के साथ सुनाई जानी चाहिए, क्योंकि ये कहानियां समान रूप से प्रेरित करने वाली हैं। इनमें से कुछ तो ऐसी जमीन से जन्म लेती हैं कि पाठक और श्रोता उनसे सीधे ‘कनेक्ट’ हो जाएं और ये वाकई बहुत मूल्यवान हैं, समाज के नजरिये से भी और इंसानियत के लिहाज से भी! जाहिर है, इनके किरदारों पर उनके देश को नाज होगा ही। राजू केंद्रे की कहानी ऐसी ही है। विदर्भ (महाराष्ट्र) इलाके के बुलढाणा जिले में खानाबदोश जनजातियों का एक गांव है पिंपरी खंडारे। आज से करीब 30 वर्ष पहले यहीं की एक घुमंतू जनजाति में राजू पैदा हुए। उनका पूरा नाम राजू जीजाबाई आत्माराम केंद्रे है। विदर्भ का पिछड़ापन और वहां के किसानों की दुर्दशा के बारे में तो देश-दुनिया दशकों से सुनती आई है, मगर घुमंतू जनजातियों के लोगों की जिंदगी के बारे में हम आज भी कम ही जानते हैं।

अस्सी के दशक में राजू के माता-पिता जब सात और नौ साल के थे, तभी उनकी शादी कर दी गई। मां को पढ़ने की बड़ी इच्छा थी, पर उस समाज में ऐसी चाहतों की कोई कीमत न थी। ऐसा नहीं कि स्कूल न थे, वे थे, मगर लड़कियों को उनके जरिये बेहतर कल के सपने देखने की छूट नहीं थी। यह फांस राजू की मां के मन बनी रही। राजू के पिता को भी गरीबी के कारण चौथी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। इसलिए जब उनके बच्चे हुए, तो दोनों पति-पत्नी ने तय किया कि हम भले प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित रहे, मगर अपने दोनों बेटों को किसी कीमत पर खूब पढ़ाएंगे।

दोनों बेटों ने उन्हें निराश नहीं किया। साल 2011 की बात है। 12वीं पास करके राजू गांव से चार सौ किलोमीटर दूर पुणे शहर पहुंचे। सपना आईएएस बनने का था, ताकि अपने जैसे हाशिये के लोगों की सेवा कर सकें। 18 साल की उम्र में राजू पहली बार ट्रेन में बैठे थे। बहुत खुश थे, लगा कि अब मंजिल मुट्ठी में आने को है, मगर गांव की सादा जिंदगी महानगर की चकाचौंध व काइयांपन देखकर बुरी तरह डर गई। आर्थिक दिक्कतें तो पहले से ही थीं, भाषा और संस्कृति संबंधी परेशानियों ने भी परीक्षा लेनी शुरू कर दी, लिहाजा बहुत मुश्किल से छह महीने निकल पाए। राजू ने पुणे छोड़ने का फैसला कर लिया। मगर शहर छोड़ने से पहले उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय के कुलपति से आवेदन किया कि उन्हें दूरस्थ शिक्षा के तहत स्नातक करने की इजाजत दी जाए। कुलपति ने उनका अनुरोध मान लिया।



गांव लौटने पर राजू की दिलचस्पी पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा में भी बढ़ने लगी। इसी क्रम में उन्हें अमरावती जिले में सक्रिय ‘मैत्री’ नामक एक स्वयंसेवी संस्था के बारे में पता चला, जो शिशु मृत्यु-दर और कुपोषण पर काम कर रही थी। बतौर वॉलंटीयर राजू न सिर्फ खुद इस संस्था से जुड़े, बल्कि देखते-देखते उन्होंने पूरे प्रदेश में हजारों स्वयंसेवकों का एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर दिया था। मगर घर के माली हालात अच्छे न थे। लिहाजा, उन्हें एक कॉल सेंटर में नौकरी करनी पड़ी। पर राजू का मन नहीं लगा। अपने समाज की सेवा करके जो सुकून मिला था, वह नौकरी में कहां मिलता?

अगले दो वर्ष में राजू कई स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े, और इसी दौरान उन्हें ‘टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज’ (टिस्स) के बारे में मालूम हुआ। वहां से समाज विज्ञान में मास्टर्स करने के दौरान उन्हें गांवों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका मिला। अपनी जनजाति से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले राजू पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने गहराई से महसूस किया कि आदिवासी बच्चों की कितनी क्षमताएं यूं ही जाया हो रही हैं? सिर्फ इसलिए कि उनके पास कोई सही मंच नहीं। उनका ‘मेंटोर’ बनने को कोई तैयार नहीं? इसी बात ने राजू को ‘एकलव्य’ संस्था की नींव रखने के लिए प्रेरित किया।

इसके जरिये वह और उनके साथी वंचित जातियों-जनजातियों के ऐसे बच्चों की मदद करने में जुट गए, जो अपने परिवार या समाज से उच्च शिक्षा हासिल करने वाली पहली संतति हैं। दरअसल, गरीबी के अलावा मराठीभाषी होने के कारण इन जनजातीय बच्चों के अंदर शहराती दुनिया को लेकर कई तरह की आशंकाएं होती हैं, जो इन्हें उच्च शिक्षा की ओर बढ़ने से रोकती हैं। एकलव्य के तहत ऐसे बच्चों को न सिर्फ विभिन्न तरह की छात्रवृत्तियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाने लगा, उन्हें राह दिखाई जाने लगी, बल्कि उनके भीतर अपनी भाषायी व सांस्कृतिक पहचान को लेकर जो हिचक थी, उसे दूर करने के लिए कार्यशालाएं भी लगाई जाने लगीं। नतीजा मिलने लगा। अब तक 700 से भी अधिक आदिवासी विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में दाखिला व फेलोशिप दिलाने में इस संस्था को कामयाबी मिली है। ये सब के सब बच्चे अपने परिवार या बिरादरी के पहले सदस्य हैं, जो इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

राजू केंद्रे के सपनों को 2021 में उस वक्त एक नई उड़ान मिली, जब ब्रिटिश सरकार ने करीब 50 लाख रुपये की प्रतिष्ठित ‘शेवनिंग स्कॉलरशिप’ के लिए उनका चयन किया, ताकि वह वहां के किसी भी विश्वविद्यालय से मास्टर्स की पढ़ाई कर सकें। पिछले साल ही वह लंदन की एओएएस यूनिवर्सिटी से अपनी डिग्री लेकर लौटे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने तो उन्हें 30 साल से कम उम्र की 30 उदीयमान सामाजिक उद्यमियों में शुमार किया है। राजू की संस्था एकलव्य ने साल 2030 तक वंचित समुदाय के 20,000 बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा दिलाने का लक्ष्य तय किया है।

आज दिग्गज नेताओं को जब अपनी समाजसेवा का यकीन दिलाने के लिए बड़े-बड़े इश्तिहार देने पड़ते हैं, तब राजू केंद्रे जैसे लोग कितनी खामोशी से देश और इंसानियत की खिदमत करते जाते हैं?

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# टमाटर की बढ़ती कीमतः मान बढ़ाओ, स्थान अपने आप मिलेगा

अतुल मलिकराम

सुना है आजकल टमाटर भी बड़ा हो गया है, सेब के साथ उठना-बैठना जो है उसका। समय का भरोसा थोड़ी न है.. ऐसा लोग कह रहे हैं। लेकिन सच मानो, तो ऐसा कुछ नहीं है। सब आपके ही हाथों में है। जरुरत है, तो बस खुद पर विश्वास करने की, फिर देखो दुनिया कैसे आपकी मुट्ठी में आती है। इस पर बात करने से पहले टमाटर के जो इन दिनों आलम हैं, उस पर बात करते हैं।

आजकल टमाटर अपनी पुरानी बेइज्जती का खूब बदला ले रहा है सबसे। खूब फेंके हैं न! अब फेंके कर दिखाओ नेताओं और दूसरे लोगों पर.. मैं बोलता नहीं, इसका यह मतलब तो नहीं है कि मेरी कोई इज्जत नहीं है। यह दास्तां है उस टमाटर की, जिसे लोग भरी सभा में भर-भरकर ले जाते थे और कुछ भी गड़बड़ होने पर दे मारते थे सामने वाले पर।

सोशल मीडिया पर बहुत ही चहलकदमी है आजकल टमाटर की, या यूं कह लें कि टमाटर के भाव ही नहीं मिल रहे हैं। भाई.. टमाटर भी ट्रेंड में है। लोग इस पर मीम बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। लोगों में जैसे होड़ लग गई है कि उनका मीम दूसरों से बेहतर होना चाहिए। इन सबके बाद टमाटर भी अब तो सेलिब्रिटी की तरह बन-ठन कर रहता दिखाई देने लगा है।




एक वीडियो मैंने देखा, जिसके बाद मैं हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। आपसे उसकी कहानी शेयर करता हूं। एक लड़का फोन पर बात करते हुए कहता है, हां मम्मी, मैंने खरीद लिए हैं, मैं कहीं नहीं जाऊंगा, सीधे घर ही आ रहा हूं। इतने में कुछ गुंडे उसे दबोच लेते हैं। वह अपनी घड़ी, बटुआ और मोबाइल अपनी इच्छा से उन गुंडों को दे देता है। लेकिन गुंडे सभी कीमती वस्तुओं को छोड़कर उसकी जेब की तलाशी लेने लगते हैं, और जेब में इधर-उधर छिपे हुए टमाटर निकालकर भाग जाते हैं और वह रोता रह जाता है कि सब ले जाओ, लेकिन मेरे टमाटरों को छोड़ दो। इन दिनों टमाटर के भाव सातवें आसमान पर हैं, उसने भी कभी नहीं सोचा होगा कि जमीन से उगकर सीधे आसमान में उड़ने को उसे पंख मिल जाएंगे।

एक और मीम को देखकर हंसी ही छूट गई.. लौकी, भिंडी और आलू को देखकर जब टमाटर कहता है, हटो! मैं बच्चों से बात नहीं करता। जब और खंगाला, तो देखा कि सोशल मीडिया टमाटर की तरह ही लाल रंग में रंगा हुआ है। टमाटर को राष्ट्रीय सब्जी घोषित कर देना चाहिए, गरीबी का पाठ किसी और को ही पढ़ाना, मैंने कल ही तुम्हें सलाद में टमाटर खाते देखा है, महंगे इतने हो जाओ कि लोग कहें भाईसाहब ये किस लाइन में आ गए आप?, ‘चांद पर है अपुन अब प्याज नहीं’, टमाटर रुला रहे हैं.., पेट्रोल-डीजल भी पीछे छूट गए रे बाबा, कुछ दिनों में सुनार की दुकान पर बिकेगा टमाटर, अभी भी नहीं आ रही है न! कुछ दिनों में 20 रुपए का एक मिलेगा, तब समझ आएगी टमाटर की कीमत.., ‘टमाटर में पैसे लगा दो’! क्रिप्टो करंसी का भविष्य क्या है, यह तो नहीं पता। लेकिन टमाटर खूब आगे जाएगा! और भी बहुत से चटखारे सोशल मीडिया पर भरे पड़े हैं।

हालांकि, टमाटर और इसके बढ़ते भाव तो उहादरण मात्र हैं, जो आज नहीं तो कल फिर पुरानी पटरी पर आ जाएंगे। लेकिन असल जिंदगी मैं हम इससे बहुत बड़ी सीख ले सकते हैं। जमीन पर पड़ा रहने वाला टमाटर आज देखने को नहीं मिल रहा है। और मिल भी रहा है, तो गूगल पर महंगी ज्वेलरी के बॉक्स में या फिर दीपिका पादुकोण के हाथ में, जो कह रही है कि एक टमाटर की कीमत तुम क्या जानों रमेश बाबू!

ये टमाटर हमें सिखाते हैं आत्मविश्वास रखना और अपना मान बढ़ाकर एक नया स्थान पाना। अक्सर देखने में आता है कि किसी स्थान विशेष या परिवार आदि में तवज्जो न मिलने पर लोग हताश हो जाते हैं, और खुद को दूसरों से कम आंकने लगते हैं। लेकिन सही मायने में इससे आपको पतन के सिवाए कुछ भी हासिल नहीं होगा। यह समय हताश होकर बैठ जाने का नहीं होता है, यह समय होता है खुद को साबित करने का। यह समय है बताने का कि आप भी श्रेष्ठ हैं और किसी भी परेशानी में इतनी ताकत नहीं है कि आपको पीछे की तरफ धकेल दे। इसलिए, अपने ऊपर काम करते रहें, खुद को सतत रूप से तराशते रहें, हर दिन कुछ न कुछ सीखने की शपथ लें, और हर दिन अपनी योग्यता को एक स्तर ऊपर उठाने की कोशिश करते रहें। यह बात हमेशा ध्यान रखें कि श्रद्धा से ज्ञान, विनम्रता से मान और योग्यता से स्थान मिलता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी ने चुनावी तैयारियों में जुटने का किया आव्हान

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने सर्किट हाउस में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। विकास कार्यों व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा भी की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का महासमुंद प्रवास पर पहुंचे। यहां महासमुंद आगमन पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। बाद इसके श्री उल्का ने जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर काम कर रही है। सरकार के कामकाज से सभी वर्ग खुश है। क्षेत्र में पिछले साढ़े चार सालों में चहुंमुखी विकास कार्य कराए गए हैं। सरकार की योजनाओं से लोगों को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि बूथ स्तर पर राज्य सरकार के कार्यों को बताने की जरूरत है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर वर्ग के विकास के लिए भूपेश सरकार ने योजनाएं बनाई है। किसानों के लिए भी सरकार ने दर्जनों हितैषी फैसले लिए हैं।

### जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में चतुर्थ श्रेणी के लिए 18 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने आकस्मिकता निधि से वाटरमैन चौकीदार और स्वीपर (चतुर्थ श्रेणी) की भर्ती के लिए आवेदन 3 जुलाई से प्रारंभ की है, जिसकी अंतिम तिथि 18 जुलाई 2023 को शाम 5 बजे तक है। आवेदन पत्र जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में रखी हुई निर्धारित ड्रॉपबॉक्स में ही स्वीकार किए जाएंगे। अन्य किसी माध्यम जैसे स्पीड पोस्ट, ईमेल, कोरियर आदि से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगी। भर्ती के लिए आवेदक की योग्यता पांचवी कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। आठवीं से उच्चतर योग्यता रखने वाले इस पद के लिए पात्र नहीं है और किसी भी स्तर पर नियुक्ति समाप्त की जाएगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/ बलौदाबाजार से प्राप्त की जा सकती है।

# शासन की योजना से वनोपज संग्राहकों को मिल रहा सही दामः मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर कबीरधाम जिले बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पंडरिया, रेंगाखारकला, बरेंडा, सिवनीखुर्द, नागवाही, रोल और ग्राम पंचायत बम्हनी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि वनांचलवासियों के जीवन को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की है, जिससे वन और वनोपज पर आश्रित संग्राहकों को आर्थिक मजबूती मिली है।



प्रदेश के लाखों वनोपज संग्राहक परिवारों को स्थानीय स्तर पर वनोपज से जुड़े रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर वनोपज संग्राहकों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए लघु वनोपजों के क्रय मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में साढ़े 4 वर्षों में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 2518.25 करोड़ रुपए पारिश्रमिक एवं 339.22 करोड़ रुपए प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भुगतान किया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए शासन द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण दर को 2500 प्रति मानक बोरा से बढ़ाते हुए 4000 प्रति मानक बोरा कर दिया गया है।

मंत्री श्री अकबर ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने ग्राम पंडरिया ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख और रेंगाखारकला में भवन निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने पौधा रोपण कर उपस्थित ग्रामीणों एवं किसानों को पौधा वितरण भी किया।

मंत्री श्री अकबर ने कहा कि वनोपज का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। इससे प्रदेश के लाखों परिवारों को सीधा और प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि भूपेश सरकार सात प्रकार के वनोपज को बढ़ाकर 65 प्रकार के वनोपज खरीदी कर रही है। वर्ष 2018-19 से 22-23 तक 30.35 लाख क्विंटल लघुवनोपज मूल्य 356.44 करोड रूपए की खरीदी कर देश में पहले स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार सरकार ने महुआ फूल 17 रूपए से बढ़ाकर 33 रूपए किया। इमली प्रति किलो 25 से बढ़ाकर 36 रूपए किए। चिरौजी 93 रूपए से बढ़ाकर 126 रूपए किए। रंगीनी लाख 130 से बढ़ाकर 220 रूपए, कुसुमी लाख 200 से बढ़ाकर 300 रूपए, शहद 195 रूपए से बढ़ाकर 225 रूपए किए। तेन्दूपत्ता 25 सौ रूपए से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किए। छत्तीसगढ़ में वनोपज का समर्थन मूल्य बढ़ने से वनसंग्रहण से जुड़े राज्य के लाखों परिवारों को संबल मिला है। भूपेश सरकार के प्रति वनोपज संग्राहक परिवारों को विश्वास और भरोसा बढ़ा है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों से सीधा संवाद करने का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नही इसकी जानकारी लेना है। इस अवसर पर श्री होरी साहू संबंधित ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों की बैठक लेकर की कानून व्यवस्था की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा शनिवार को 8 जुलाई को बस्तर संभाग के समस्त जिला सुकमा, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर व कांकेर के पुलिस अधीक्षकों की कानून-व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम, प्रकरणों की विवेचना, नक्सल विरोधी अभियान एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा पुलिस को-आर्डिनेशन सेन्टर,जगदलपुर में की गई।

समीक्षा बैठक में बस्तर संभाग के जिला अन्तर्गत महिला एवं बालिका विरुद्ध अपराध सहित समस्त प्रकरणों की त्वरित विवेचना की जाकर संबंधित न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के विरूद्ध आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया।

शहर की बस्तियों एवं गांव-देहात में जुआ-सट्टा, अवैध शराब, नशीली पदार्थ एवं अन्य सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाकर आवश्यक कार्यवाही करने संबंध में दिशा-मानसून दौरान नक्सल विरोधी अभियान संचालित कर नक्सलियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने सम्बन्धी कार्य-योजना की चर्चा की गई । चिट - फण्ड कम्पनियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कर निर्धारित समय सीमा में समस्त पीड़ितों को राहत पहुँचाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में नव स्थापित सुरक्षा कैम्पों में मनवां-नवानार कार्य-योजना अन्तर्गत बिजली आपूर्ति, राशन दुकानों का संचालन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की स्थिति आदि विषयों पर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के संबंध में कार्या-योजना बनाई गई।

समीक्षा बैठक में बालाजी राव, उप पुलिस महानिरीक्षक, कांकेर रेंज, कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक, दन्तेवाड़ा रेंज, जितेन्द्र कुमार मीणा, उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बस्तर, पुलिस अधीक्षक, कोण्डागांव उपस्थित रहे।

## प्रर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित - लखेश्वर बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** पौधा तुहर द्वार योजना के तहत निः शुल्क पौधा वितरण रथ को बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन विभाग द्वारा अपने निजी भूमि पर पौधा रोपण हेतु निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक बस्तर एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल एवं विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधा रोपण किया। विधायक बस्तर एवं बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी जो की खुद भूमि पुत्र हैं उनके निर्देश पर वन विभाग के द्वारा निः शुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है जिससे की प्रर्यावरण संरक्षण हो सकेगा तथा घटते वन रकबे को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की वन विभाग की यह योजना सराहनीय है जिससे की पौधों को मांग अनुरूप उनके घर तक पहुंचा कर दिया जा रहा है हमारे प्रदेश के संवेदनशील वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर जी की मंशा अनुरूप प्रर्यावरण संरक्षण के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं वह सराहनीय है अब कोई भी व्यक्ति अपने जमीर पर पौधा लगाना चाहता है तो उसे पौधा उनके घर पहुंच कर प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर विधायक बस्तर एवं बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन,नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू, वरिष्ठ पार्षद यशवर्धन राव, राजेश राय, डी पी साहू डी एफओ,एस डी ओ आशीष कोटरिवार, रेंजर देवेंद्र यादव, मानिकपुरी सहित गणमान्य नागरिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैट सी.जी. चैप्टर एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक कैट ने अपने आगामी होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में कैट सी.जी. एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की आवश्यक मिटिंग हुई हैं। मिटिंग की अध्यक्षयता कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने की। मिटिंग में कैट सी.जी. चैप्टर एवं युवा टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कैट के




राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिला इकाईयों में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत लोन मेला आयोजन किया जाना है। इसके लिए सभी जिला इकाईयों के अध्यक्ष को पत्र जारी किया जा चुका है। सभी जिला इकाईयों ने इसके लिए अपनी सहमति प्रदान की है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे कहा कि कैट आगामी दिनों फूड एण्ड सेफ्टी पर एक कार्यशाला आयोजन करेगी। कार्यशाला में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा लाईसेंस, पंजीयन और विश्लेषण/परीक्षण आदि की जानकारी दी जायेगी। आगामी दिनों में बिलासपुर में कार्यकारिणी की बैठक एवं व्यापारी सम्मेलन की जायेगी। जिसमें कैट से पूरे प्रदेश के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहेगें। तथा कैट सी.जी. चैप्टर अपने आगामी कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम आयोजित करेगी।

मिटिंग में कैट सी.जी. चैप्टर एवं युवा टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी, राकेश ओचवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नरेश पाटनी, जयराम कुकरेजा महेन्द्र कुमार बागरोडिया, विक्रांत राठौर, परविन्दर सिंह एवं भरत भूषण गुप्ता आदि।

बिहान सम्मेलन में शिरकत कर संसदीय सचिव ने बढ़ाया उत्साह

# महिलाओं को सक्षम बनाने भूपेश सरकार कर रही हरसंभव पहल-चंद्राकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित बिहान सम्मेलन में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की मांग पर खैरा में बिहान कलस्टर भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।




आज शनिवार को बिहान केंडर व बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा शहर के शंकराचार्य भवन में बिहान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगाठित कर उन्हें क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने सपने को साकार कर रही हैं। इसके अलावा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गौठान में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। गौठान और रीपा के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला कोष के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की है। पहले महिला कोष को एक या दो करोड़ रूपए का वार्षिक आबंटन उपलब्ध होता था, मगर वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ रूपए का वार्षिक बजट उपलब्ध कराया गया है। महिला कोष द्वारा संचालित सक्षम योजना में दो करोड़ 63 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है, जो योजना शुरू होने के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में स्वीकृत किए गए ऋणों में सर्वाधिक है। उन्होंने महिलाओं से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की मांग पर खैरा में बिहान कलस्टर भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तारिणी चंद्राकर, पीआरपी कलस्टर प्रभारी भुनेश्वरी साहू, प्रिंस चंद्राकर, रेखा नागपुरे, राधा साहू, योगेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, कीर्ति साहू, राजकुमारी यादव, बसंती बंजारे, मोहनी ध्रुव, यशोदा साहू, रोशनी पटेल, यशोदा साहू, तुलसी बंजारे, मीरा कंडरा, सती साहू, टेमिन साहू, सरिता देवांगन, लता यादव, चुनेश्वरी साहू, मीरा, किरण साहू, कुसूमलता जांगड़े, उमा यादव, मोंगरा साहू, नंदनी, संगीता सेन, संतोषी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## नये मतदाताओं से मिलेंगे युवा मोर्चा कार्यकर्ता

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को नया मतदाताओं से मिलने की जवाबदारी दी गई है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सूची का इंतजार है। नये मतदाता जो जुड़े है वे अधिकांशता छात्र होते है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी सहित सभी कार्यकर्ता एक महीने पहले बैठक में शामिल हुए थे। जिसके बाद से तैयारी शुरू कर दी गई है। शक्ति केंद्रों में जाकर नये मतदाताओं से मुलाकात की जायेगी। इसके लिए प्रत्येक मंडलों में सुभाष राठौर, किशन केशरवानी, उत्तम रंधावा, विवेक मारकण्डे, समजीत सिंह, अनुराग दुलानी, जय गर्ग, धनंजय चौहान, प्रकाश यादव, दिनेश सेन, पिंकू रंजन, सिद्धांत नारायण सोनी, असलम खान तैयारी में जुट गये है।










## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में बारिश व बादल से तापमान में गिरावट जारी

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में मानसूनी तंत्र पूरी तरह से सक्रिय है और आने वाले पांच दिनों तक भी मौसम का मिजाज नहीं बदलेगा। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के अधिकतम तापमान में बदलाव के आसार नहीं है। साथ ही बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा होगी। बादल व बारिश के चलते मौसम में भी ठंडकता बनी रहेगी।

शनिवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में बादल छाने के साथ ही हल्की वर्षा हुई। इसके चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्य मार्गों के साथ ही गली मुहल्लों में भी जलभराव की स्थिति है। साथ ही मौसम में भी ठंडकता बनी रही और अधिकतम तापमान भी गिर गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून द्रोणिका के प्रभाव से रविवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। साथ ही कुछ क्षेत्रों में बिजली भी गिर सकती है। अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नही होगा। कोटा 8 सेमी, तमनार 5 सेमी, मरवाही 5 सेमी, दरभा 4 सेमी, पेंड्रा रोड 4 सेमी, रामानुजनगर 3 सेमी, बैकुंठपुर 3 सेमी, मनेंद्रगढ़ 3 सेमी, तखतपुर 3 सेमी, पखांजुर 3 सेमी, भानुप्रतापपुर 3 सेमी, जशपुर नगर 3 सेमी वर्षा हुई। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

### घरेलू नल कनेक्शन के लिए लगभग 24 करोड़ की राशि स्वीकृत

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देश पर राज्य के ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के 22 गांवों में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने के लिए 23 करोड़ 90 लाख 14 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पौंसरा (केकरापारा) में 201, पौंसरा (रेवधापारा) 402, चकरभाठा 580, कोरमी (आवासपारा) 533, लिमहा 488, गढ़वट 284, गिधौरी 336, मजुरपहरी (बम्हनीखुर्द) 200, मगरउछला 275, सेलर 719, गतौरी 409 और सरवनदेवरी ग्राम के 292 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे।

इसी प्रकार कोटा विकासखण्ड के ग्राम केन्दा में 309, रिगरिगा 506, आमागोहन 458, खैरा 366, कलमीटार 343, लूफा (भदरापारा) 104, कोंनचरा ग्राम पंचायत के जरगा में 153, पोड़ी (सलखा) 271, तेंदुआ (बगबुड़वापारा) 81 और परसदा ग्राम के 239 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे।

### प्रवचन-सत्संग का कोई अर्थ नहीं जब आपने उनके सार को अपने जीवन में नहीं उतारा: साध्वी शुभंकरा

**रायपुर (ए)।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी प्रांगण में मनोहरमय चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में शनिवार को नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा ने कहा कि आप कितना भी पढ़ लो, लिख लो, ज्ञानी बन जाओ, प्रवचन सुन लो लेकिन जब तक इनके सार को आप अपने जीवन में नहीं उतारोगे तो इन सबका कोई मतलब नहीं होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आपने अपना कीमती समय बर्बाद कर दिया है, ऐसा माना जाएगा। आपने दुनिया भर के दर्शन पढ़े, अध्यात्म सीखा और आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आया तो यह सब करना आपके लिए व्यर्थ होगा।

साध्वीजी कहती है कि हमें जागृत होने के लिए यह जन्म मिला है, यह बहुत ही अच्छा अवसर है। सूर्योदय से पहले उठकर हमें सूर्योदय का स्वागत करना चाहिए। सुबह उठकर आपको स्फूर्ति और प्रसन्नता के साथ मुस्कुराना होगा और यदि आपने सुबह यह मुस्कान अपने चेहरे पर ले आया तो यह दिन भर के लिए आप के चेहरे में स्टोर हो जाएगी। हमारे शरीर स्वस्थ रहें, इसके लिए हम लोग सुबह उठकर मॉर्निंग वॉक, व्यायाम और प्रतिक्रमण करते हैं। आम भाषा में व्यायाम कह सकते है और जिनवाणी में हम इसे प्रतिक्रमण कहते हैं। वैसे आप जो भी करे, उद्देश्य तो आखिरकार स्वस्थ रहना ही होता है। वैसे ही एक बात और है कि जब तक आपका शरीर साथ दे रहा है तब तक खासकर महिलाओं को तो चौका नहीं छोड़ना चाहिए और पुरुषों को अपना बिजनेस नहीं छोड़ना चाहिए।

# शिक्षा, चिकित्सा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### सरगुजा को मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया मेडिकल कॉलेज भवन का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सरगुजा जिले में आयोजित 'राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी तथा कार्यक्रम स्थल में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी वहां कार्यक्रम स्थल में आपके पास जाना चाहते थे लेकिन मौसम खराब होने के कारण वर्चुअली जुड़ना पड़ा। आप सभी सरगुजा वासियों की जो भावनाएं थी आज उसके अनुरूप मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण हुआ। राजमाता जी से हमारी मुलाकात होती थी उतना ही प्रेम, स्नेह और वही दुलार हम सभी को भी मिलता था जो सरगुजा वासियों को और राज परिवार के सदस्यों को मिलता रहा। आज उनकी स्मृति में इस महाविद्यालय का लोकार्पण किया जा रहा है तो निश्चित रूप से वे जहां भी होंगी हमें अपना आशीर्वाद दे रही होंगी। चिकित्सा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, रोजगार के क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में वनांचल में रहने वाले हमारे सरगुजा वासियों के आय में जिस प्रकार से वृद्धि का कार्य हमारी सरकार कर रही है निश्चित रूप से उनका आशीर्वाद हमको मिल रहा होगा ।

उन्होंने कहा कि आज का यह दिन सरगुजा के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धियों वाला दिन है। मेरे लिए भी यह बहुत खुशी का अवसर है कि आज राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण हो रहा है। इस मेडिकल कॉलेज भवन, चिकित्सालय और आवासीय परिसर की कुल लागत 374 करोड़ रुपए है। इस मेडिकल कॉलेज की खासियत है कि यहां मेडिकल स्टूडेंट्स के कौशल एवं दक्षता विकास के लिए स्किल्स लैब और बहरेपन के परीक्षण एवं ईलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध है। माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय में मेडिसीन, सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, शिशुरोग विभाग, निश्चेतना विभाग, नेत्ररोग विभाग सहित तमाम तरह के विभाग हैं। अस्पताल में और भी अनेक तरह की अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नये कॉलेज भवन में 08 विभागों का संचालन होगा, इनमें एनाटॉमी, बायोकेमेस्ट्री, फिजियोलॉजी, कम्यूनिटी मेडिसीन, फोरेंसिक मेडिसीन माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी विभाग शामिल हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की अधोसंरचना का काम पूरा हो जाने से पूरे सरगुजा संभाग को इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सरगुजा संभाग एक आदिवासी बहुल संभाग है। यह समाज का वह तबका है जो सदियों से मूलभूत सुविधाओं और अधिकारों से वंचित रहा है। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे प्रयासों से आज प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा और शिक्षा की रौशनी पहुंच रही है। हमने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना की जब शुरुआत की थी, तब उसका उद्देश्य यही था कि हम दुर्गम से दुर्गम गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा पाएं। जब हमने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और दाई-दीदी क्लीनिक योजना शुरू की, तब हमारा उद्देश्य शहर की स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब लोगों और माताओं-बहनों की चौखट तक चिकित्सा सुविधा पहुंचा पाएं, लेकिन हमारा लक्ष्य इससे भी कहीं ज्यादा बड़ा है। हम नागरिकों तक केवल सुविधा नहीं पहुंचाना चाहते, बल्कि अत्याधुनिक और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की पहुंच भी सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम चिकित्सा और शिक्षा की इतनी मजबूत अधोसंरचना का निर्माण करें कि छत्तीसगढ़ की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो। हमारे कार्यकाल में राज्य में 8 नये शासकीय मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। इनमें से 04 खोले जा चुके हैं, 04 और प्रक्रिया में है हमने विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक अपने सभी सरकारी अस्पतालों को सुविधाओं से लैस किया है। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करते हुए उनकी तैनाती की है।

### अनेक सुविधाओं से लैस है मेडिकल कॉलेज

374.08 करोड़ की लागत से निर्मित इस परिसर में मुख्य रूप से 54.26 करोड़ रुपए की लागत से बने महाविद्यालय भवन, 120.73 करोड़ रुपए की लागत से बने हॉस्पिटल भवन के साथ ऑडिटोरियम, छात्रावास, स्टाफक्वार्टर, डीन आवास सहित अन्य कार्य शामिल है। यह राज्य का छठवां मेडिकल कॉलेज है। इस मेडिकल कॉलेज की खासियत है कि यहां मेडिकल स्टूडेंट्स के कौशल एवं दक्षता विकास के लिए वृहद स्किल्स लैब और बहरेपन के परीक्षण एवं ईलाज की विशेष सुविधा उपलब्ध है। मेडिकल कॉलेज के नवीन महाविद्यालयीन भवन में कुल 07 विभाग संचालित होंगे। जिनमें एनाटॉमी विभाग, बायोकेमेस्ट्री विभाग, फिजियोलॉजी विभाग, कम्यूनिटी मेडिसीन विभाग, फोरेंसिक मेडिसीन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, फार्माकोलॉजी विभाग विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सुविधाजनक प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था है।

### मां का आंचल पूरे सरगुजावासियों के लिए था एक समान

उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भावुकता के साथ अपनी माता जी को याद करते हुए कहा कि आज उनकी स्मृति में यह मेडिकल कॉलेज लोकार्पित हो रहा है । विधानसभा में जब माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही थी तभी मुख्यमंत्री जी ने यह घोषणा की थी कि अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज का नाम माताजी के नाम पर होगा। आज राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के उद्घाटन अवसर पर हम सब यहां एकत्रित हैं । मेरी माताजी ना केवल मेरे लिये मां थी, बल्कि उनका आंचल पूरे सरगुजा क्षेत्र के लिए एक बराबर था। वे बड़ी ममत्व एवं प्रेम भाव से सरगुजा को देखती थी। क्षेत्रवासियों के हित में छोटे से छोटा काम लेकर वह मुख्यमंत्री तक जाने से गुरेज नहीं करती थी। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी संस्था के साथ उनका नाम जोड़कर हम सबको गौरवान्वित किया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि उनके माता-पिता के नाम पर अब तक सरगुजा में कोई भी इकाई नहीं थी। जिन्होंने बहुत कुछ किया सरगुजा के लिए परंतु कभी जताया और बताया नहीं। आज आपके माध्यम से यह पहली इकाई है। ऐसी एक ममतामयी स्वरूप को एक सम्मान आज दिया गया है, उसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। प्रदेश में स्थित अन्य मेडिकल कॉलेजों से बेहतर परिस्थितियां इस मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध हैं, ताकि बहुत अच्छे ढंग से यहां बच्चों की पढ़ाई हो सके और यहां से उत्तीर्ण होने के बाद डॉक्टर प्रदेश में अपनी सेवाएं देंगे।

# रीपा में ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा रोजगार

### ग्रामीण परिदृश्य में हो रहा सकारात्मक बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना से गांवों में ग्रामीणों को रोजगार व स्व-रोजगार के अवसर मिलने लगे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह में अग्रसर हो रही हैं। गांवों को उत्पादन का केन्द्र और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना अब ग्रामीण परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव लाने लगी है। ग्रामीणजन रीपा के माध्यम से अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में बदलाव के लिए पूरे मनोयोग से जुट गए हैं।

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक में ग्राम पंचायत श्यामनगर स्थित रीपा में सिलाई यूनिट की स्थापना की गई है। यूनिट की स्थापना से लगभग 50 ग्रामीणों को रोज़गार मिला है, साथ ही यहां कार्यरत महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए 14 हजार यूनिफॉर्म सिलाई का आर्डर दिया है। रीपा में समूह के सदस्यों द्वारा हथकरघा, अगरबत्ती निर्माण, धोबी का भी कार्य किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने, लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना प्रारंभ किया गया है। राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे उद्योग धंधों के लिए रीपा में पानी, बिजली, जमीन जैसी सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। रीपा के माध्यम से गांव के लोगों को जरूरी वस्तुएं आस-पास उपलब्ध हो रही हैं, जिसके कारण अब उन्हें दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ता। उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता के कारण आसपास के शहर-गांवों से सप्लाई के आर्डर मिलने प्रारंभ हो गए हैं। व्यवसायिक गतिविधियों को रीपा के साथ जोड़कर संरक्षित करने के साथ ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित होने से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार भी प्राप्त हो रहे हैं। वही पारंपरिक गतिविधियों के संचालन से ग्रामीणों के आयसंवर्धन में भी महती भूमिका निभा रही है।

गोधन न्याय योजना ने खोले महिलाओं के लिए आमदनी के द्वार

# बरही महिला समूह ने बेचा 5 लाख 20 हजार का वर्मी खाद, हर सदस्य को हुआ 47 हजार रुपए का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना के सफल संचालन ने ग्रामीणों के लिए आमदनी के द्वार खोल दिए हैं। यह योजना ग्रामीणों, पशुपालकों एवं महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। बालोद जिले में ग्राम बरही में संचालित ग्वालिन महिला स्वसहायता-समूह के लिए भी गोधन न्याय योजना ने आमदनी के स्थायी द्वार खोल दिए हैं। योजना के अंतर्गत बरही गौठान में समूह की महिलाएं अब तक 1300 क्विंटल वर्मी खाद का निर्माण कर चुकी हैं। ये महिलाएं अब तक 05 लाख 20 हजार रुपये के 1007 क्विंटल वर्मी खाद की बिक्री कर प्रति सदस्य 47 हजार 272 रूपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं। योजना से गांव में ही रोजगार मिलने से महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है।



उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना हानिकारक रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों से मुक्ति प्रदान करने के अलावा कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बरकरार रखने में भी अत्यंत मददगार साबित हो रही है। यह ग्रामीणों एवं समूह की महिलाओं के लिए स्थायी रोजगार का जरिया बन चुकी है। आदर्श गौठान बरही में विभिन्न प्रकार की आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसमें से ग्वालिन स्वसहायता समूह की 11 महिलाओं द्वारा वर्मी खाद निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यहां महिलाओं को निरंतर आमदनी होने से आज उनका जीवन स्तर काफी सुधर गया है।

समूह की सक्रिय सदस्य केंवरा बाई ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि पहले उन्हें रोजगार की तलाश में आसपास के गांवों में जाना पड़ता था। कड़ी मेहनत के बाद भी ज्यादा आमदनी नहीं हो पाती थी। गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण कार्य प्रारंभ करने से उन्हें एक स्थाई काम मिल गया है, जिससे उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्हें बताया कि वर्मी खाद निर्माण शुरू होने से महिलाओं को रोजगार एवं आमदनी का बेहतरीन जरिया मिल गया है। उनका पारिवारिक जीवन सुखमय हो गया है। अपनी आमदनी का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के अलावा अन्य घरेलू कार्यों में करती हैं। उन्होंने समूह की सहयोगी शारदा यादव को उनके नये घर के निर्माण के लिए 35 हजार रुपये का सहयोग भी किया है। इस तरह यह योजना सभी लोगों के जीवन को सजाने व संवारने का काम कर रही है। समूह की सभी सदस्यों ने गोधन न्याय योजना की सराहना की है। उन्होंने योजना के माध्यम से उनका जीवन सुखमय बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार भी जताया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए महिलाएं चुन सकती हैं ये 5 आउटफिट



म्यूजिक कॉन्सर्ट दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं। यहीं वजह है कि कई लोग बड़े उत्साह के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। हालांकि, अवसर चाहें जो भी महिलाएं अपने आउटफिट को लेकर सबसे ज्यादा असमंजस में रहती हैं। अगर आप भी इसे लेकर सोच-विचार कर रही हैं तो आइए आज हम आपको कॉन्सर्ट के लिए 5 आउटफिट आइडिया और उन्हें स्टाइल करने के तरीके बताते हैं।

### मिनी स्कर्ट के साथ मोटो जैकेट

यह सदाबहार आउटफिट कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता है और कॉन्सर्ट के लिए एकदम बेहतरीन है। अपने लुक में ग्लैम जोड़ने के लिए एक क्लासिक ब्लैक मोटो जैकेट चुनें और इसे एक बेसिक सफेद टी-शर्ट या फिर न्यूड रंग की टी-शर्ट और एक मिनी स्कर्ट के साथ पहनें। इसके साथ ही कानों में बड़े सिल्वर हुप्स पहनें और एक स्टाइलिश बैकपैक समेत हिल्स बूट्स से लुक को पूरा करें।

### क्रॉप टॉप के साथ कार्गो पैंट

कार्गो पैंट न केवल स्टाइलिश और कूल दिखती हैं बल्कि आरामदायक भी होती हैं। अपने लुक को निखारने के लिए गहरे हरे, नेवी ब्लू या काले रंग की हाई वेस्ट कार्गो पैंट का चयन करना अच्छा हो सकता है। ध्यान रखें कि कार्गो पैंट ओवरसाइज्ड होती हैं, इसलिए पहनावे को संतुलित करने के लिए इसे एक अच्छी तरह से फिट हल्के रंग के क्रॉप टॉप के साथ पहनें। कूल कैप और सफेद स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

### ओवरसाइज्ड डेनिम जैकेट के साथ बॉडीकॉन ड्रेस

क्लासिक बॉडीकॉन ड्रेस का चयन करना कभी भी गलत नहीं हो सकता है। यह म्यूजिक कॉन्सर्ट और पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त आउटफिट है। हालांकि, इस बार ग्लैमर और दिवा लुक को छोड़कर अपनी बॉडीकॉन ड्रेस को कूल और कैजुअल तरीके से स्टाइल करें। एक फंकी रंग की ड्रेस चुनें और इसे एक बड़े आकार की डेनिम जैकेट के साथ पहनें। हाई-टॉप स्नीकर्स, एक घड़ी और एक अनोखे दिखने वाले फैनी पैक के साथ अपने लुक को पूरा करें।

### सीक्वेंस फ्लेयर्ड पैंट के साथ क्रॉप टॉप

अगर आप कुछ हटकर और ट्रेंडी ट्राई करना चाहती हैं तो पेल ग्रीन या पाउडर पिंक जैसे न्यूट्रल रंग का क्रॉप टॉप और सीक्वेंस वर्क वाली हाई-वेस्ट फ्लेयर्ड पैंट चुनें। आप सर्कल नेकलाइन, शॉर्ट पफ स्लीव्स और रुच्ड डिटेल वाली क्रॉप टॉप का विकल्प भी चुन सकती हैं। बोल्ड और ग्लैम लुक के लिए रेड या रॉयल ब्लू रंग के सीक्वेंस क्रॉप टॉप को भी ट्राई किया जा सकता है। बड़े हुप्स और सफेद स्नीकर्स से लुक को पूरा करें।

### मेश टॉप के साथ पेंसिल स्कर्ट

पेंसिल स्कर्ट आपको एक अच्छा आकार देने में मदद करती है। इसके साथ काले रंग का मैश टॉप पेयर करें और इसके अंदर काले रंग की ब्रालेट पहनें। यह आउटफिट आपकी खूबसूरती को निखारता है और आप इसे दिन के शो के दौरान भी पहन सकती हैं। अपने इसे लुक को पूरा करने के लिए कानों में स्टड्स पहनें और फुटवियर्स के तौर पर हाई हील्स को चुनें। इसके साथ में वेस्ट बैग को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं।

# इंदिरा गांधी से पहले चन्द्रमुखी के रूप में दर्शकों के सामने आएंगी कंगना रनौत

इस वर्ष की बाकी बची छमाही में कंगना रनौट वापसी की तैयारियों में हैं। वे अपनी फिल्म इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के साथ-साथ इस बार दर्शकों को चंद्रमुखी के रूप में भी दिखाई देंगी। कंगना रनोट चंद्रमुखी 2 की रिलीज डेट का एलान कर सबको चौंका दिया। कंगना ने इंस्टाग्राम पर रिलीज की घोषणा के साथ राघव लॉरेंस का फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में, राघव लॉरेंस को एक इंटेंस लुक में देखा गया। वो एक बड़े से दरवाजे के की होल से झांकते हुए नजर आए। चन्द्रमुखी-2 के पोस्टर को साझा करते हुए कंगना ने पुष्टि की कि चंद्रमुखी इस गणेश चतुर्थी पर रिलीज हो रही है। उन्होंने लिखा, इस सितंबर वह वापस आ रही है... क्या आप तैयार हैं चंद्रमुखी 2 लाइका प्रोडक्शंस फिल्म गणेश चतुर्थी पर रिलीज होने वाली है, जो 19 सितंबर को मनाई जाएगी। पी वासु निर्देशित, चंद्रमुखी 2 ब्लॉकबस्टर हिट तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पोस्टर रिलीज होते ही प्रशंसकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, हे भगवान, मैं आपको देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता..ब्लॉकबस्टर लोड हो रहा है। एक फैन ने लिखा, बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, हे भगवान, मैं #चंद्रमुखी2 के लिए बहुत उत्साहित हूं। एक अन्य इंटरनेट यूजर ने लिखा, देखने का इंतजार है। चंद्रमुखी 2 में कंगना, राजा के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थी। फिल्म में कंगना के साथ तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस मुख्य भूमिका निभाएंगे। लाइका प्रोडक्शन और सुबास्करण की निर्मित यह फिल्म सितंबर में तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। कंगना की पीरियड ड्रामा फिल्म इमरजेंसी की बात करें तो, यह फिल्म पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें कंगना दिवंगत राजनेता की मुख्य भूमिका में हैं, जो 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जेनेलिया देशमुख की ट्रायल पीरियड ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा 21 जुलाई से होगी स्ट्रीम

जेनेलिया डिसूजा देशमुख और मानव कौल की अपकमिंग वेब सीरीज ट्रायल पीरियड का दिलचस्प ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ये वेब सीरीज 21 जुलाई से स्ट्रीम होगी। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा और मानव कौल की अपकमिंग वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर देखकर ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वेब सीरीज की कहानी काफी दिलचस्प होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक कंपनी के ट्रायल पीरियड ऑफर से होती है। जिसे देखकर जेनेलिया का बेटा ऑफर में कंपनी से पिता मंगाने की बात करता है और कहता है कि पसंद ना आने पर 30 दिन में वापस भेज देगा।

बेटे की बात सुनकर पहले तो जेनेलिया हैरान रह जाती है, लेकिन बाद में बेटे के ज़िद के आगे मजबूर होकर उसके लिए 'किराए पर पापा' ढूंढने निकल जाती है। काफी तलाश के बाद वो मानव कौल को अपने बेटे के 'किराए के पिता' के रूप में चुनती हैं।

इस वेब सीरीज का ट्रेलर काफी एक्साइटमेंट पैदा करने वाला है। वेब सीरीज अलेया सेन के निर्देशन में बनी है, जिसे ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है। वेब सीरीज के निर्माता की लिस्ट में हेमंत भंडारी, अमित रविंद्रनाथ शर्मा और अलेया सेन का नाम भी शामिल है।

जेनेलिया डिसूजा और मानव कौल की वेब सीरीज ट्रायल पीरियड का ट्रेलर दर्शकों बेहद पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर कमेंट की बौछार आई है। जहां एक यूजर ने कमेंट में लिखा है कि 'यह काफी दिलचस्प लग रही' है वहीं एक अन्य ने ट्रेलर की तारीफ करते हुए लिखा है कि 'यह बहुत प्यारा' है। इस वेब सीरीज को आप 21 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर देख सकेंगे।




# कांच की सतहों की सफाई के लिए घर पर बनाएं ग्लास क्लीनर, जानिए बनाने के तरीके

समय-समय पर घर की साफ-सफाई करना बहुत जरूरी होता है। खासतौर पर घरों में लगे खिड़की-दरवाजों के शीशे और अन्य कांच की सतहों की सफाई जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर इनमें जिद्दी दाग और धूल जम जाती है, जिन्हें हटाना मुश्किल हो जाता है। इससे उनकी चमक भी फीकी हो जाती है। आइये आज हम आपको साफ-सफाई के टिप्स में घर पर ही शीशे साफ करने वाले ग्लास क्लीनर बनाने के कुछ तरीके बताते हैं।



### मक्के के आटे से बनाएं ग्लास क्लीनर

इसे बनाना बेहद आसान है और इसके इस्तेमाल से शीशे बिल्कुल नए जैसे चमकने लगेंगे। इस ग्लास क्लीनर को बनाने के लिए एक चौथाई कप रबिंग अल्कोहल, एक चौथाई कप सफेद सिरका, 1 बड़ी चम्मच मक्के का आटा और 2 कप पानी को एक साथ मिलाएं। इसके बाद इस घोल को एक स्प्रे बोतल में डालकर कांच की सतहों और खिड़कियों पर स्प्रे करके उन जगहों को कपड़े के साफ टुकड़े से पोंछ लें।

### इस तरह बनाएं सिरका ग्लास क्लीनर

यह ग्लास क्लीनर कांच की सतहों को साफ करने के लिए बेहद सस्ता उपाय है। इससे शीशे पर से उंगलियों के निशान और गंदगी को हटाना बहुत ही आसान है। इसे बनाने के लिए 2 कप डिस्टिल्ड वाटर, 2 बड़ी चम्मच सिरका और अपनी पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की लगभग 10 बूंदों को एक साथ मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर कांच की सतहों को साफ करने के लिए इस्तेमाल करें।

### बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल


इस ग्लास क्लीनर को बनाना आसान है, क्योंकि इसमें केवल 2 ही सामग्रियों की जरूरत होती है। इसे बनाने के लिए थोड़े-से बेकिंग सोडे में बर्तन धोने वाला लिक्विड सोप मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। इसके बाद इसे कांच वाली किसी भी तरह की सतह को साफ करने के लिए इस्तेमाल करें। वहीं सतह से जिद्दी दाग हटाने के लिए इस पेस्ट को साफ कपड़े के टुकड़े से अच्छे से रगड़ें।

### सेब के सिरके से बनाएं ग्लास क्लीनर

सेब के सिरके में अम्लीय गुण होते हैं, जो साफ-सफाई के लिए लाभकारी है। इसके लिए एक चौथाई कप सेब का सिरका, एक चौथाई कप रबिंग अल्कोहल, 1 बड़ी चम्मच मक्के का आटा, 2 कप पानी और खुशबू के लिए पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की 10 बूंदें मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालकर कांच की खिड़कियों और दरवाजों को साफ करने के लिए इस्तेमाल करें। नलों से पानी के दाग हटाने के लिए इन टिप्स को अपनाएं।

# क्या आपको पता है सेहत के बारे में काफी कुछ बताती है नाक

नाक सांस के लिए हवा प्रदान करने और सूंघने की क्षमता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। यह अपनी स्थितियों के जरिए हमारे स्वास्थ्य का हाल बता सकती है। आपकी नाक मधुमेह से लेकर कोरोना वायरस जैसी महमारी तक विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चेतावनी संकेत दे सकती है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि नाक किन-किन स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है।



### बहती नाक

लगातार बहती नाक का मतलब यह हो सकता है कि आपको सर्दी या फ्लू हुआ है। फ्लू होने पर आपको छींकें, नाक बंद होना और गले में खराश जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इनसे राहत पाने के लिए हर्बल चाय, शहद और अदरक का मिश्रण, हल्दी और तुलसी का पानी पीने जैसे घरेलू नुस्खों को अपनाना लाभदायक हो सकता है। फ्लू के अलावा कोविड-19 होने पर भी बहती नाक का सामना करना पड़ सकता है।

### नाक से खून निकलना

नाक से खून आना विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों का संकेत दे सकता है। ऐसा साइनस होने पर भी हो सकता है। यह खोपड़ी में भरी हुई हवा होती है और यह माथे, नाक की हड्डी, गाल समेत आंखों के पीछे होती है। जब साइनस में सूजन या म्यूकस यानी बलगम जम जाती है तो इसमें कीटाणु पनपने लगते हैं, जो स्थिति को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा एलर्जी, हीमोफीलिया जैसी समस्याओं के कारण भी नाक से खून आ सकता है।

### सूंघने की क्षमता कम होना

सूंघने की क्षमता कमजोर होना विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। नेजल पॉलीप्स होने पर नाक की सूंघने की क्षमता कमजोर हो सकती है। कोविड-19, सर्दी या साइनस के कारण भी सूंघना मुश्किल हो सकता है। मधुमेह से ग्रस्त व्यक्ति में हाई ब्लड शुगर होने पर भी सूंघने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह मल्टीपल स्केलेरोसिस या मोटर न्यूरॉन रोग जैसी न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का प्रारंभिक संकेत भी हो सकता है।

### असामान्य गंध महसूस करना

असामान्य गंध को फैंटोस्मिया भी कहा जाता है। यह एक गंध से संबंधित विकार है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को अजीबोगरीब गंध महसूस होने लगता है। यह अमूमन दौरे, सिर में चोट, मस्तिष्क ट्यूमर या पार्किंसंस रोग जैसी स्थितियों के कारण हो सकता है। इसके अलावा साइनस होने पर भी आपको फैंटोस्मिया हो सकता है, जिससे चीजों की महक और स्वाद में बदलाव महसूस हो सकता है।

### लाल नाक

लाल नाक रोसैसिया नामक स्वास्थ्य स्थिति का संकेत दे सकती है। इस स्थिति के कारण चेहरे का मध्य भाग लाल हो जाता है और समय के साथ, विशेष रूप से पुरुषों में नाक की त्वचा मोटी और लाल हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप राइनोफिमा नामक स्थिति होती है। गंभीर मामलों में यह नाक के आकार को भी प्रभावित कर सकता है और इससे सांस लेना मुश्किल हो सकता है।

# ओह माय गॉड 2 से यामी गौतम का पहला लुक जारी, वकील की भूमिका में आईं नजर

अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अक्षय भगवान शिव के रोल में नजर आने वाले हैं। अक्षय का लुक सामने आने के बाद से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बहुत बढ़ गई थी। अक्षय और पंकज त्रिपाठी के बाद फिल्म से यामी गौतम का लुक सामने आ गया है। यामी गौतम फिल्म में वकील का किरदार निभाती नजर आने वाली हैं। ये फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यामी गौतम के लुक की बात करें तो वह वकील के लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्लैक कोर्ट और व्हाइट शर्ट पहना हुआ है।




यामी के चेहरे पर इंटेंस एक्सप्रेशन हैं। उनके किरदार का नाम कामिनि माहेश्वरी है।

यामी ने फिल्म से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा- मिलिए कामिनी माहेश्वरी से। 11 अगस्त को ओएमजी 2 सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने भी यामी गौतम का लुक शेयर किया है। उन्होंने लिखा- सच वही है जो साबित किया जा सके। सच की लड़ाई शुरू होने जा रही है। टीजर जल्द ही रिलीज होगा। अक्षय कुमार की ओमएमजी 2 रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का क्लैश सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 से होने जा रहा है। ओएमजी 2 और गदर 2 दोनों ही फिल्में मोस्ट अवेटिड हैं। अब देखना होगा बॉक्स ऑफिस पर दोनों में से कौन सी फिल्म बाजी मारने वाली है। ये पहली बार नहीं है जब अक्षय कुमार और सनी देओल की भिड़ंत होने वाली है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे द्वारा राजस्व अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। 1 अक्टूबर 2023 तक मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं पूर्व से हुए पंजीयन में आवश्यकता अनुसार शुद्धिकरण कार्य किया जाना है। इसके लिए मतदाता पंजीयन एवं शुद्धिकरण कार्यक्रम को व्यापक रूप से पूरे जिले में चलाने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बताया जाए कि मतदान करना हम सबका अधिकार है और इसका प्रयोग अवश्य रूप से किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया जाए जहां पर गत वर्षों में कम मतदान हुए है। ऐसे स्थानों पर अधिक से अधिक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए, जिससे कि चुनावी प्रक्रिया में आम जनता की भागीदारी बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों में छाया पानी, रैंप, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में जेंडर गैप को कम किया जाना है, इसके लिए जरूरी है, कि महिलाओं तक उनके अधिकारों की बात पहुंचाई जाए और ऐसे मतदान केंद्रों की पहचान करते हुए उसके लिए अलग से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर संपर्क अभियान स्कूली बच्चों के द्वारा रैली का आयोजन निबंध प्रतियोगिता नाटक का मंचन चित्रकला रंगोली फ्लेक्स पोस्टर वाल राइटिंग खेलकूद जैसे अनेक साधनों का उपयोग करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जाए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र कवर्धा एवं पंडरिया में समान रूप से निरंतर चलाने के निर्देश बैठक में दिए गए।

### जशपुर में 7 अगस्त से फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का होगा आयोजन

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के द्वारा संचालित 5 दिवसीय फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का आयोजन 7 अगस्त से 11 अगस्त तक कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। अब जिले के युवा जशपुर में ही फिल्म एप्रिसिएशन का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर का चुनाव कर सकेंगे। जिले के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह 5 दिवसीय कोर्स पूरी तरह निशुल्क एवं आवासीय होगा। प्रतिभागियों को भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से आए प्रशिक्षकों के द्वारा फिल्में कैसे बनती हैं, सिनेमा इतिहास के चयनित विषय, फिल्मों के प्रकार- फीचर फिल्में, लघु फिल्में, एनिमेशन, डॉक्यूमेंट्री, फिल्म शैली में चयनित विषय, लघु फिल्म विश्लेषण, सामान्य स्क्रीनिंग आदि की जानकारी के साथ इससे संबंधित कलाएं सिखाई जाएंगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के प्रतिभागियों जिनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है तथा जिन्होंने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में 4 मार्च को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में स्क्रीनिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मल्टीपरपज इण्डोर हॉल, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सहित विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

# खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने का लगातार किया जा रहा है प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महात्मा गांधी स्टेडियम के अंतर्गत स्थित खेलो इंडिया मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम हॉल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में उप मुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी शामिल रहे।**





जिले में कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम अम्बिकापुर महापौर डॉ अजय तिर्की, सभापति श्री अजय अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार खेल व शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के समावेशी विकास के लिए लगातार सार्थक प्रयास राज्य शासन द्वारा किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने क्षेत्रवासियों को सुसज्जित व सर्वसुविधायुक्त इनडोर स्टेडियम मिलने पर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने खेल प्रेमियों के लिए इसे बहुत ही सुंदर उपहार बताया। उन्होंने कहा खेल, समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है और इससे निसंदेह नगर वासियों को लाभ प्राप्त होगा।

#### लोकार्पण तथा शिलान्यास के प्रमुख कार्य

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहां 4 करोड़ 37 लाख 64 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त मल्टीपरपज इण्डोर हॉल का लोकार्पण किया। जहां खिलाड़ियों हेतु 04 बैडमिंटन कोर्ट, 03 टेबल टेनिस, बास्केट बॉल एवं व्हॉलीबॉल कोर्ट की सुविधा है। हॉल का आकार 150.00M65.00 फिट है। मल्टीपरपज इंडोर हॉल में महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों हेतु पृथक-पृथक चेंजिंग रूम, वॉशरूम, क्लॉक रूम, खेल उपकरण कक्ष, प्रथम तल में सीटिंग एरिया उपलब्ध है। यहां भविष्य हेतु स्कवैश कोर्ट, शूटिंग रेंज इत्यादि की भी योजना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केशवपुर, सोहगा, राजापुर, बिलासपुर तथा निम्हा में 6 करोड़ 86 लाख 11 हजार की लागत से निर्मित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों का लोकार्पण किया। वहीं 5 करोड़ 39 लाख 47 हजार रुपए के लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के कार्यों में 3 करोड़ 39 लाख 22 हजार रुपए से महात्मा गांधी स्टेडियम का उन्नयन कार्य, पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में एक करोड़ 25 हजार रुपए की लागत से मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कार्य तथा नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के समस्त वार्डो में एक करोड़ रुपए की लागत से विद्युतीकरण कार्य शामिल है।

---

# कैबिनेट मंत्री अकबर के मंशानुरूप कलेक्टर ने लगाई चिकित्सा दलों ड्यूटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। पवित्र सावन माह का पदयात्रा 10 जुलाई से शुरू हो रहा है। कबीरधाम के पुरातत्व महत्व के प्राचीन मंदिर भोरमदेव बाबा में दूर-दराज से बड़े तदात में कावड़ियों का आगमन होता है। वही मध्यप्रदेश के अमरकंटक से भी जल लेकर यहां कावड़िया बड़ी संख्या में पदयात्री शामिल होते है। कावड़ियों की समुचित स्वास्थ्य सुविधा और उनके ठहरने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था भी बनाई जा रही है।**

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के मंशानुरूप श्रावण मास में जलाभिषेक करने वाले कावड़ियों के लिये चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए स्वाथ्य विभाग द्वारा जिले के अलग अलग स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है। कावड़ियों के पदयात्री मार्गो को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

हनुमत खोल, डोंगरिया जालेश्वर महादेव, कवर्धा स्थित बुढामहादेव, भोरमदेव मंदिर समीप चिकित्सको की टीम तैनात रहेगी। इसके अतिरिक्त इस मार्ग में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों को स्वस्थ्य सुविधाओ के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने इस पूरे माह में मार्गो पर संचालित स्वस्थ्य केंद्रों में चिकित्सा टीम को तैनात रहने के निर्देश भी दिए है। साथ ही एसडीएम, जनपद पंचायत अधिकारियों को मार्ग में बने सामुदायिक भवनों में भी राहत शिविर के तौर पर व्यवस्था बनाने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि सावन माह में कांवड़िये बोल बम का जयघोष करते हुए अमरकंटक से जंगल अथवा पहाड़ियों के रास्ते हनुमंत खोल होते हुए ग्राम पोलमी से कुकदूर ग्राम पहुँचते है। पदयात्री कावड़ियों भक्तों के विश्राम के लिए कुकदूर विश्राम गृह परिसर के समीप विश्राम करने के लिए समुचित व्यस्था की गई है। वही पंडरिया खण्ड चिकित्सा अधिकारी स्वप्निल तिवारी ने कावड़ियों के स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर के स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी हनुमत खोल में लगाई गई है।

उन्होंने स्वास्थ्य भवनों का निरीक्षण भी किया है। कलेक्टर के निर्देश पर श्रीमती मंजू वर्मा, ए.एन.एम., आर.एच.ओ. दिनेश मरावी, सतेंद्र कुमार और चंद्रपाल बर्मन की ड्यूटी हनुमत खोल में रहेगी।

---

# सफलता की कहानी : मिर्च की खेती से महिलाएं स्वरोजगार की राह पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जशपुर के किसान काजू, नाशपत्ती, लीची, चाय के खेती के साथ, पत्थलगांव क्षेत्र में टमाटर, बगीचा के पाठ क्षेत्रों में हरी मिर्च और टाऊ एवं आलू की खेती बड़ी मात्रा में की जाती है। ग्राम पंचायत मनोरा में उजाला स्व-सहायता समूह की महिलाएं मिर्च की खेती कर रही हैं। अब महिलाएं स्व-रोजगार की राह में चलकर आत्मनिर्भर बनती चली जा रही है। समूह की महिलाएं मिर्च की खेती करके अपने परिवार के पालन-पोषण में सहयोग कर पा रही है।

जशपुर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण जिला माना जाता है। यहां पर सुन्दर हरे-भरे पेड़-पौधे, नदी-नाले, पहाड़, झरने सहज ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मी के मौसम के लिए जशपुर जिला छुट्टी बिताने के लिए प्राकृतिक दृष्टिकोण से बहुत ही अच्छी जगह है। हरियाली होने के कारण यहां का तापमान गर्मी के मौसम में लोगों के लिए उपयुक्त रहता है और अधिक गर्मी भी नहीं पड़ती है। पाठ क्षेत्र हरी मिर्ची की पैदावार के लिए जाना जाता है और यहां पर मिर्च की खेती व्यापक पैमाने पर की जाती है।



जशपुर का मिर्च रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग सहित बड़े शहरों एवं उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, दिल्ली जैसे बड़े राज्यों में बड़ी संख्या में निर्यात किया जाता है। मिर्च की खेती से जशपुर के किसान आर्थिक रूप से सक्षम बनते जा रहे हैं और अपने परिवार के साथ अच्छे से जीवन व्यतीत कर रहें हैं।

इसी कड़ी में जशपुर जिले के उजाला महिला स्व-सहायत समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित मिर्च का स्थानीय बाजार सहित जिले के बाहर भी मांग बड़ी मात्रा की जा रही है, जिससे मिर्च की विक्रय बढ़ती जा रही है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब तक 8 क्विंटल मिर्च की बिक्री कर चुकी है और मिर्च के विक्रय से लगभग 64 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं।

---

कमजोर सीटों पर रहेगा फोकस

# फिर छत्तीसगढ़ आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री शाह 20 दिन के अंदर तीसरी बार करेंगे दौरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्री लगातार चुनावी वाले राज्यों पर अपनी नजर रखे हुए हैं। लगातार दौरा कर बीजेपी संगठन को मजबूत करने में लगे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 दिन के अंदर में लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। वे 14 जुलाई को रायपुर दौरे पर आएंगे।**

इस दौरान बीजेपी के कमजोर सीटों पर फोकस करेंगे। पांच जुलाई को अपने दौरे के दौरान दिए गए होमवर्क की जांच करेंगे। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन भी शामिल होंगे।

शाह की तीसरी बैठक में जवाब देने के लिए प्रदेश के भाजपा नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी प्रभारी ओम माथुर इस काम में जी जान से लगे हुए हैं।

चुनाव में बीजेपी की नैया पार करने के लिए शाह ने प्रदेश के नेताओं को होमवर्क दिया है।



सूत्रों के अनुसार, रायपुर दौरे से रवाना होने से पहले शाह ने प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नबीन को एक प्रारूप पर काम करने के लिए कहा है। इसके आधार पर हर विधानसभा की जानकारी जुटानी है।

इसके बाद शाह दोबारा चर्चा करेंगे। पार्टी नेताओं को विधानसभावार रिपोर्ट तैयार रखने के लिए कहा गया है। इसमें यह देखा जाएगा कि बीजेपी किस विधानसभा में मजबूत है और किसमें कमजोर स्थिति में है। इसका आकलन किया जाएगा। वहीं जिन सीटों पर बीजेपी कमजोर है, उसकी वजह भी बताने के लिए कहा गया है।

वहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश में चल रहे महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा करते हुए चुनावी तैयारियों की भी जानकारी ली। 10 दिन के अंदर चुनावी रणनीति बनाकर शेयर करने के लिए कहा गया है। इसमें हर सीट पर भाजपा की स्थिति और आगामी प्लान क्या होगा, इसका जिक्र रहेगा। इसके लिए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को टॉस्क दिया गया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दूसरी ओर जेपी नड्डा अलग-अलग राज्यों की बैठक ले रहे थे। इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए नड्डा की बैठक में यहीं का एजेंडा रहा।

---

# एनआईटी रायपुर में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ समापन बीआईटी दुर्ग में आईजीएस स्टूडेंट चैप्टर का भी हुआ उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में 26 जून से 7 जुलाई 2023 तक आयोजित दो सप्ताह के हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईजीएस रायपुर चैप्टर के साथ मिलकर गया। दो हफ्ते तक चलने वाले इस हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का विषय 'टेस्टिंग ऑफ़जियो मैटेरियल्स फॉर जियो टेक्निकल एंड ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग एप्लीकेशन' रहा। 7 जुलाई 2023 को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के लिए एक समापन सत्र का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.पी. सिंह, सचिव, आईजीएस और निदेशक एक्सप्लोर इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली रहे। प्रोफेसर (डॉ.) अरुण गोयल, विभागाध्यक्ष ,सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी कुरुक्षेत्र सम्मानिय अतिथि रहे। एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी रमना राव ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की 7 इस दौरान डॉ जी. डी. रामटेककर, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग, विभाग ,डॉ. एस. बाजपेयी , अध्यक्ष, आई जी एस, रायपुर चैप्टर, डॉ आर के त्रिपाठी, अध्यक्ष (चयनित),आई जी एस, रायपुर चैप्टर, संकाय सदस्य व प्रतिभागी मौजूद रहे 7 कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस. बाजपेयी , अध्यक्ष, आई जी एस, रायपुर चैप्टर द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद डॉ. एल.के. यदु, कार्यक्रम समन्वयक ने दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें कार्यक्रम का सारांश दिया गया। उन्होंने उल्लेख किया कि कुल 27 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था जिसमें फील्ड इंजीनियर, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के संकाय सदस्य, इंजीनियरिंग कॉलेजों और फील्ड प्रयोगशालाओं के तकनीकी और प्रयोगशाला कर्मचारी, पीएचडी छात्र, एम.टेक छात्र और बी.टेक छात्र शामिल रहे। डॉ. जी. डी. रामटेक्कर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने का आग्रह किया। समारोह के दौरान भारतीय भू-तकनीकी सोसायटी (आईजीएस) रायपुर चैप्टर का स्थापना दिवस भी मनाया गया और आईजीएस रायपुर चैप्टर के नए पदाधिकारियों ने अगले कार्यकाल 2023-2025 के लिए कार्यभार भी संभाला। डॉ. आर.के.त्रिपाठी को अध्यक्ष, डॉ. आर.एन.खरे को उपाध्यक्ष, डॉ.एल.के.यदु को सचिव, डॉ.तरुण रजक को आयोजक सचिव, संयुक्त सचिव के रूप में इं. अरुण टी. भावे और कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. संदीप चौकसे ने आईजीएस रायपुर चैप्टर का कार्यभार संभाला।

इस शुभ अवसर पर बीआईटी दुर्ग में आईजीएस स्टूडेंट चैप्टर का भी उद्घाटन किया गया। यह ढ्ढत्रस् रायपुर चैप्टर से जुड़ा 5वां ढ्ढत्रस् छात्र चैप्टर है। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बीआईटी दुर्ग में आईजीएस छात्र चैप्टर के उद्घाटन के लिए प्रिंसिपल डॉ. अरुण अरोड़ा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. एस.के. जायसवाल और फैकल्टी सलाहकार सुश्री दीप्ति हजारे और सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि डॉ. ए.पी. सिंह ने बीआईटी दुर्ग में आईजीएस स्टूडेंट चैप्टर ओपन की घोषणा की। डॉ. आर.के. त्रिपाठी ने उल्लेख किया कि कैसे आईजीएस रायपुर चैप्टर समाज में भू-तकनीकी जांच के महत्व को फैलाने के लिए अच्छा काम कर रहा है और इसे भविष्य में भी जारी रखा जाना चाहिए।

---

### कुपोषण की दर में आई गिरावट : पिछले अप्रैल-मई में 1113 बच्चें कुपोषण से बाहर आये

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनता की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना सहित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सार्वभौम पीडीएस और मध्यान्ह भोजन योजना जैसी पांच योजनाएं 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुरू की । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को तक़रीबन पौने चार वर्ष पूरा हुआ। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। बेमेतरा जिले के पूरे क्षेत्र में कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से समाप्त करने कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इस कार्यकम में जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### तेज रफ्तार पिकअप ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**जशपुर (ए)।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में गौवंशों को पिकअप वाहन में ठूंसकर तस्कर बेखौफ होकर तेज रफ्तार में भाग रहे थे। इसी दरम्यान शौच के लिये जा रहे 62 वर्षीय वृद्ध को जोरदार ठोकर मार दी जिसका उपचार के दौरान कुनकुरी अस्पताल में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार आज भोर लगभग 5 बजे पिकअप में दो लोग सवार होकर नारायणपुर थाना क्षेत्र के हस्तिनापुर के करीब पहुंचे थे। जहां शौच जा रहे वृद्ध शिवशंकर नायक (62) को ठोकर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन को तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाया जा रहा था, जिससे घटना घटित हुआ। ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग को कुनकुरी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके से भाग रहे तस्करों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा। बताया जा रहा है कि उक्त पिकअप में टमाटर के कैरेट ऊपर में लदे थे, जिसके नीचे 10 रास बैल को अम्बिकापुर क्षेत्र से लोदाम की ओर ले जाया जा रहा था। पकड़े गये आरोपियों में अब्दुल जलील उर्फ जल्लु बताया जा रहा है, जबकि मवेशियों के मालिक समसेर हजाम पिता जलील हजाम बताया जा रहा है। आरोपी चालक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया गया है जबकि फरार व्यक्ति का नाम जौअल पिता जैनुल बताया जा रहा है।

### मध्य प्रदेश से आकर नशीला कैप्सूल बेचने वाला गिरफ्तार

**दुर्ग।** मध्यप्रदेश से दुर्ग आकर नशीला कैप्सूल बेचने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़कर उसके पास से लगभग 9 सौ से अधिक नशीला कैप्सूल जब्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर से पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि कैलाश नगर सूर्या होटल के पीछे पीपल पेड़ के पास एक व्यक्ति नशीली दवाई का विक्रय कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताये हुलिये के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी संतोष कुमार मिश्रा 49 वर्ष को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाई विक्रय करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 912 नग नशीली कैप्सूल को विधिवत जब्त किया गया एवं मौके पर ही आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी संतोष कुमार मिश्रा हालमुकाम हनुमान नगर दुर्ग में रह रहा था। वह ग्राम बेला पोस्ट हर्दीए थाना गुढ़ जिला रींवा मध्यप्रदेश का मूल निवासी है।

# राजधानी में फर्जी तांत्रिक ने ठगे 40 लाख रुपए, परिवार के सदस्यों को मौत का भय दिखाकर ऐंठता था रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में खुद को तांत्रिक बताकर घर परिवार के सदस्यों की मौत होने भय दिखाकर शख्स से 40 लाख की ठगी हो गई। खुद को तांत्रिक बताने वाला हर बार कुछ न कुछ नया बताता और परिवार में डर का माहौल बनाकर ठगी करता रहा। लगातार रुपए की मांग से परेशान शख्स ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने फर्जी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लेखराम साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि बताया कि नीमगांव, नासिक महाराष्ट्र के ब्रह्म दत्त इंगले नाम के व्यक्ति से 4 साल पहले रायपुर में उसकी मुलाकात हुई थी। ब्रह्म दत्त ने अपना परिचय तांत्रिक के रूप में बताया था। इसके बाद घर पर छोटी मोटी समस्याओं को दूर करने के लिए तंत्र-मंत्र करने के नाम पर पैसा लेता रहा। इस तरह परिवार को पूरी तरह विश्वास में ले लिया।

परिवार को विश्वास में लेने के बाद घर पर संकट आने और परिवार के सदस्यों की अकाल मृत्यू होने का भय



दिखाने लगा और इसके नाम पर अनुष्ठान आदि करने के लिए रुपए लेने लगा। लेखराम भी डर की वजह से ब्रह्म दत्त की बात मानता गया और उसे रुपए देता गया। इस दौरान फर्जी तांत्रिक ने अनुष्ठान के लिए एप्पल का फोन मांगा और एक टीवी भी फायनेंस करवा लिया। लेखराम किसी तरह ब्रह्म दत्त की मांग पूरी करता था। इस तरह फर्जी तांत्रिक ने ब्रह्म दत्त से 40 लाख रुपए वसूल लिए थे।

40 लाख लुटाने के बाद लेखराम को ठगी का अहसास होने लगा था। इस बीच लेखराम ने तांत्रिक से बात करना बंद कर दिया। इस बीच एक दिन ब्रह्म दत्त ने फोन कर लेखराम की परिवार के साथ रोड़ एक्सीडेंट में अकाल मृत्यु का भय दिखाकर अनुष्ठान करने के लिए 15 लाख रुपए मांगे। इसके बाद लेखराम ने परेशान होकर ब्रह्म दत्त इंगले के खिलाफ शिकायत शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420,508 के तहत अपराध दर्ज किया। जब ब्रह्मदत्त रुपए लेने के लिए रायपुर पहुंचा तो पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एप्पल कंपनी का मोबाइल जब्त किया है। आरोपी ने बताया है कि रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में उसके कई जजमान है। इसी तरह से लोगों को भय दिखाकर रुपए लेता रहता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सुपेला पुलिस के हत्थे चढ़े दो अपराधी, एक चोर और दूसरा चाकू से धमकाने वाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र में अलग-अलग अपराध करने वाले दो व्यक्तियों को दबोचा। इसमें एक आर्य नगर कोहका के निवासी महेश कुमार साहू के घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला निकला और दूसरा स्मृति नगर क्षेत्र के संदीप बंजारे को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया था। थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा के अनुसार चोरी की घटना के विवेचना के दौरान आर्य नगर के लक्ष्मीकांत जंघेल नाम के व्यक्ति पर शक हुआ।

उसी के आधार पर शनिवार को उसे बुलाकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आगे उसकी निशानदेही पर चोरी हुए समान में से 50 हजार रुपए के झुमके की बरामदगी भी हो गई। इसी प्रकार धमकी देने के आरोपी पंकज तिवारी को गिरफ्तार कर



लिया। दोपहर बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने की कार्रवाई अंजाम दी गई।

## धमतरी में रेत से भरे हाइवा ने एक के बाद एक तीन गाड़ियों को मारी टक्कर, हादसे में घायल का मोबाइल लेकर हुआ फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** रेत भरकर दुर्ग जिला जा रहे हाइवा के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर सड़क किनारे खड़ी एक कैप्शूल हाइवा को टक्कर मार दिया। इसके बाद एक-एक कर तीन कैप्शूल हाइवा में भिड़ंत हो गई। उसी समय चाय पीकर सड़क पार कर अपने कैप्शूल वाहन के पास जा रहे एक चालक दो कैप्शूल हाइवा के बीच दब गया, जिससे उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद घंटे भर तक नेशनल हाइवे में एक तरफ का यातायात बाधित रह।

धमतरी के रत्नाबांधा चौक में छह जुलाई को सुबह 4.20 बजे




सड़क दुर्घटना हुई। धमतरी जिले के केरेगांव में सीमेंट खाली कर तीन कैप्शूल हाइवा के चालक महाराष्ट्र के चन्द्रपुर के लिए निकले थे। धमतरी के रत्नाबांधा चौक के पहले नेशनल हाइवे में तीनों कैप्शूल वाहन को सड़क किनारे खड़ी कर तीनों चालक चाय पीने चले गए। चाय पीकर तीनों लौटे और अपने वाहनों में सवार होने के लिए जा रहे थे।

उसी समय तीसरे क्रम पर खड़ी कैप्शूल हाइवा को घड़ी चौक की तरफसे आ रहे रेत से भरे हाइवा ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद सामने खड़े तीनों कैप्शूल वाहन टकरा गए। उसी समय दूसरे क्रम में खड़े कैप्शूल वाहन के सामने से उसका चालक विश्वजीत निवासी चंद्रपुर महाराष्ट्र सड़क पार कर अपने वाहन में बैठने जा रहा था। टक्कर से वह दो कैप्शूल वाहनों के बीच दब गया। पैर दबने से उसका बाया पैर बुरी तरह फ्रेक्चर हो गया।

सौभाग्य से कैप्शूल हाइवा के पीछे निकले एंगल के कारण पीछे के कैप्शूल हाइवा के सामने के हिस्से उसका पूरा शरीर नहीं दबा, अन्यथा जान भी जा सकती थी। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सहायता से घायल विश्वजीत को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया गया।

### बात करने मांगा मोबाइल और फरार हो गया

टक्कर मारने के बाद रेत से भरे हाइवा के चालक ने अपने मालिक को सूचना देने की बात कहकर घायल का मोबाइल फोन मांगा। इसके बाद वह बात करने के बहाने मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घायल के दो अन्य साथी ड्राइवर और पुलिस हाइवा चालक को ढूढ़ती रही।

### पत्थर से सिर कुचलकर दिव्यांग की हत्या सड़क किनारे मिली लाश

**रायपुर (ए)।** राजधानी में किसी ने एक अधेड़ दिव्यांग की हत्या कर दी है। इसकी लाश सड़क के किनारे खुली जगह पर फेंककर हत्यारा फरार हो गया। 7 जुलाई को हुए इस कांड में अब पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स से मिली जानकारी के बाद हत्या का केस दर्ज किया है। सबसे पहले पुलिस के पास लाश मिलने की खबर आई, शुरुआती जांच में अब साफ हुआ है कि ये मामला हत्या का है।

## सरकारी राशन के गोदाम में चोरी: शटर का ताला तोड़ चोर ले गए 96 क्विंटल चावल और 75 किलो चीनी, सीसीटीवी में दिखा ट्रक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में चोरों ने सरकारी राशन के गोदाम को निशाना बनाया है। चोर गोदाम के शटर का ताला तोड़कर वहां से 96 क्विंटल चावल और 75 किलो चीनी चोरी कर ले गए। गोदाम की सुरक्षा के लिए न तो कोई सुरक्षाकर्मी तैनात था और न ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की तो अन्य जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर ट्रक में राशन लेकर जाते कैद हुए हैं। फिलहाल सोसायटी मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला अंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत ग्राम आमटी के गोदाम में रखे राशन को चोरों ने गुरुवार देर रात चोरी कर लिया। चोरों ने लोहे का शटर और चैनल गेट तोड़कर गोदाम में रखे



192 बोरी चावल और 75 किलो चीनी चोरी कर भाग निकले। चोरी गए राशन की कीमत करीब 4.45 लाख रुपये बताई जा रही है। सोसायटी मैनेजर जामवंत देशमुख ने बताया कि रोज की तरह हितग्राहियों को राशन बांटकर गुरुवार को बंद किया और घर चला गया। अगले दिन शुक्रवार सुबह पहुंचा तो वारदात का पता चला। सोसायटी में हितग्राहियों को आवंटन करने के लिए एक सप्ताह पहले 210 क्विंटल 64 किलो चावल और 517 किलो शक्कर आई थी। हितग्राहियों को बांटने के बाद गोदाम में 96 क्विंटल चावल और 75 किलो ग्राम चीनी बची हुई थी। सोसायटी के संचालक ने बताया कि वह 15 सालों से राशन वितरण का कार्य कर रहा है। कभी इस तरह को घटना नहीं हुई है। जिले में संचालित शासकीय वितरण प्रणाली के गोदामों में रखे राशन की सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। सीसीटीवी तक नहीं लगाए गए हैं। इसके चलते चोर आसानी से निशाना बना लेते हैं।

## जादू-टोना की आशंका पर ग्रामीणों ने वृद्धा की पिट पीटकर ले ली जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** दवा से भी बीमारी ठीक नही होने पर ग्रामीणों ने जादू टोना किए जाने का आरोप लगाते हुए बुजुर्ग महिला के घर घुसकर नाबालिग समेत दो व्यक्तियों ने लाठी डंडे से पिट पीटकर जान लेने का मामला सामने आया है। यह हत्याकांड घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देवना की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम देवना ग्राम पंचायत कया में एक वृद्ध महिला की हत्या हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा घटनास्थल रवाना हुए। जहां मृतिका भगवती राठिया पति इंजोर राठिया (64) की लाश लहूलुहान अवस्था मे मिली। मृतका के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि भगवति राठिया के



घर के करीब उसकी भांजी रहती है। वही वारदात के दिन तब दोनों खाना खाकर इसके घर में सो रहे थे तभी रात्रि करीबन 07-08 बजे गांव के फुलसिंह राठिया, जगनंदन राठिया तथा एक आपचारी बालक जबरन इसके घर घुसकर भगवती राठिया को यह कहते हुए लकडी एवं बांस के डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट कर गंभीर रूप से चोंट पहुंचाये जिससे भांची भगवती राठिया की मौके पर मृत्यु हो गई है।

प्रार्थिया की राठिया की रिपोर्ट पर मौके पर ही तत्काल धारा के तहत 302,34 अपराध दर्ज करते हुए इस मामले में फुलसिंह राठिया तथा एक आपचारी बालक को पकडा गया जो अपने एक अन्य साथी जगनंदन राठिया के साथ भगवती राठिया का हत्या करना बताया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एक लकडी का डंडा तथा एक बांस का डंडा को भी उनके कब्जे से जब्त किए है, बहरहाल हत्याकांड के आरोप में सभी को गिरफ्तार कर रिमांड में जेल भेजे है।

## दिन दहाड़े व्यापारी से 5 लाख की उठाईगीरी: कार का शीशा तोड़कर बैग लेकर भागे बदमाश, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब दिन दहाड़े बारदात को अंजाम दे रहे हैं। न्यायधानी बिलासपुर में शनिवार की दोपहर व्यापार विहार इलाके में व्यापारी से 5 लाख की उठाईगीरी हो गई। इस मामले में व्यापारी की शिकायत पर जब पुलिस ने आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले तो पांच संदिग्ध दिखाई। इनमें से एक ने व्यापारी की कार का शीशा तोड़ा और दूसरे ने अंदर से बैग पार कर दिया। अब पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार यह शनिवार की दोपहर करीब 1.30 बजे की है। कवर्धा



जिले के भगतपुर पांडातराई निवासी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी पिता द्वारिका प्रसाद (32) ट्रांसपोर्ट के व्यवसायी हैं। वे शनिवार को बिलासपुर पेमेंट लेने पहुंचे थे। तिफरा के झांझरिया ट्रैवल से उन्हें रुपए लेने थे। यहां से उन्होंने 5 लाख कैश लिया और व्यापार विहार क्षेत्र के बैंक जाने के लिए निकले। इस बीच बड़ी मार्केट के पास कार खड़ी कर बच्चों के लिए कुछ सामान लेने पास की दुकान में चले गए। लौटकर देखा तो कार का शीशा टूटा हुआ था और कार में रुपए से भरा बैग गायब था।

आसपास देखने के बाद उन्होंने तत्काल तारबाहर थाने पहुंच इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसी टीवी फुटेज तलाश किए। फुटेज में पुलिस को पांच संदिग्ध दिखे। इनमे एक ने कार का शीशा तोड़ा और एक बैग पार कर दिया। इसके बाद बैग को थैले में डालकर सभी ऑटो से भाग निकले। पुलिस ने फुटेज का पीछा किया तो उन्हें बिलासपुर रेलवे स्टेशन व बाद में रायपुर रेलवे स्टेशन में इनके फुटेज मिले है। संभवत: बिलासपुर में कांड कर सभी रायपुर भाग गए हैं। बिलासपुर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### मुख्यमंत्री मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पूर्व राजप्रधान दुर्ग राज की धर्मपत्नी स्व. रेखा वर्मा के दशगात्र कार्यक्रम में हुए शामिल

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन के ग्राम बटंग पहुंचकर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पूर्व राजप्रधान दुर्ग राज अरूण कुमार वर्मा की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती रेखा वर्मा के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्रीमती रेखा वर्मा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने अरूण वर्मा और उनके शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम के पहुचे मेहमानों और् ग्रामीण जनों से आत्मीयता पूर्वक मुलाकात कर सभी से उनका हाल पूछा और् खेती बाड़ी व फसल बोनी के सम्बंध में चर्चा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टरपुष्पेंद्र मीणा, एस पी शलभ सिन्हा व अन्य विभागीय अधिकारी गण और् ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 175.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 175.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 280.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 60.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 239.2 मिमी, तहसील धमधा में 100.9 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 181.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 194.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 8 जुलाई को तहसील दुर्ग में 1.0 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 7.4 मिमी, तहसील बोरी में 3.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 7.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बीएलओ व सुपरवाइजर की समीक्षा पश्चात शपथ

**दुर्ग।** आज 64 दुर्ग शहर विधानसभा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवम सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सभी सुपरवाइजर, बीएलओ की समीक्षा बैठक ली गई। सभी को निर्वाचन आयोग के निर्देशों अनुरुप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेषकर टीजीटी, पीडब्लूडी वोटर के चिन्हांकन एवं बीएलओ एप में ऑनलाइन एंट्री हेतु निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर महोदय अरविंद एक्का द्वारा की अध्यक्षता में भिलाई इंस्टीटूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय में बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक की समाप्ति उपरांत सभी को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई।

### सिद्धार्थ नगर के काली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 13 से

**दुर्ग।** सिद्धार्थ नगर, दुर्ग वार्ड 31-34 में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर को 101 वर्ष हो पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर काली माता, महामाया माता, शिव परिवार, हनुमान जी, विष्णु लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कराई जा रही है। 13 जुलाई को गौरी गणेश पूजा, दोपहर 12 बजे से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 14 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा की पूजा सुबह 9 बजे से शाम तक चलेगी। 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे से रूद्राभिषेक व हवन होगा।

### वीरता पुरस्कार के लिए 15 अक्टूबर तक मंगाए गए आवेदन

**भिलाई।** भारतीय बाल कल्याण परिषद हर साल बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार देता है। ऐसे बालक और बालिका जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरे की जान बचाने के लिए बहादुरी पूर्वक काम किया हो, जिससे दूसरों को प्रेरणा मिले।

# बाबा धाम रवाना हुआ पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय का जत्था

### विधिवत पूजा अर्चना कर शुरू की यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हर-हर महादेव और् बोलबम के जयघोष के साथ आज पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में कंवरियों का जत्था बैजधाम धाम के लिए रवाना हुआ। सेक्टर 9 निवास में विधिवत पूजा- अर्चना के साथ यह यात्रा आज शुरू हुई जिसमें 100 से अधिक कांवरिये शामिल हैं। इस दौरान इस्पात नगरी के विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं और भिलाईवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।**



इस दौरान श्री पाण्डेय ने सेक्टर 5 गणेश मंदिर में पूजा -अर्चना भी की और भिलाईवासियों की खुशहाली की कामना की।

श्री पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष भिलाई से सावन माह में बाबा प्रेम कांवरिया संघ बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा करता है। विगत 3 वर्षों में कोरोना महामारी की वजह से यह यात्रा नहीं हो पाई थी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा कठिन जरूर है पर बाबा बैजनाथ हर बार उनकी यात्रा को आसान बना देते हैं। 10 जुलाई को सुल्तानगंज में उत्तरवाहिनी गंगा से कांवर में जल लेकर करीब 120 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। 14 जुलाईको झारखंड स्थित देवघर पहुंचेंगे जहां वे बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद बाबा वासुकीनाथ को जल अर्पण करने के बाद वे भिलाई वापस पहुंचेंगे। बाबा प्रेम कांवरिया संघ में रमेश माने, अजय पाठक, विष्णु पाठक, मनीष पाण्डेय, विनोद सिंह, दिलीप केशरवानी, विनोद शंकर द्विवेदी, अनूप तिवारी, प्रशांत पाण्डेय, सुधांशु सिंह, गोल्डी सोनी, वीरेंद्र जैन, विष्णु मिश्रा, शोभित राव, रोहित तिवारी, अशोक यादव, मुकेश सिंह आदि शामिल हैं।

बाबाधाम की यात्रा का इस्पात नगरी के सेक्टर 8 चौक, सेक्टर 10 चौक, सिविक सेंटर चौक, 7 एम चौक, सेक्टर 5 चौक, सेक्टर 4 चौक, बीएसएनएल चौक सेक्टर 1, मुर्गा चौक, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस चौक, खुर्सीपार गेट, न्यू खुर्सीपार, सिरसा गेट, भिलाई तीन, चरोदा व कुम्हारी में भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश यादव, तिलकराज यादव, जोनाथन, रेहान अहमद, रविन्द्र भगत, विष्णु पाठक, सुधांशु सिंह, राजेंद्र नायक, संतराम देवांगन, शिवप्रकाश शिबू, राजेश गुप्ता, मदन सेन, प्रवीण पाण्डेय, संजय साहू, अरविंद जैन, जे. श्रीनिवास राव, बसंत प्रधान, पीयूष जैन, आशीष अग्रवाल, श्रीमती रश्मि सिंह, विशाल सिंह, स्वराज द्विवेदी, दिनेश गौतम, अरविंद वर्मा, गिरगेश पाण्डेय, पियूष मिश्रा, गारगी शंकर मिश्र, अनिल सोनी, बुद्धन ठाकुर, मुरलीधर अग्रवाल, श्याम सुंदर राव, जोगिंदर शर्मा, संतोष अग्रवाल, प्रशांत अकांत, केके तिवारी, पप्पू तिवारी आदि द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

# भिलाई में नहीं होगा सुहानी शाह का शो, बागेश्वर बाबा पर टिप्पणी पर भाजयुमो ने किया विरोध

### आयोजक संतोष राय ने किया रद्द






श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में 11 जुलाई को माइंड रीडर, मैजिशियन व मोटिवेशनल स्पीकर सुहानी शाह का होने वाला कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। भिलाई के कामर्स गुरु संतोष राय के बुलावे पर सुहानी शाह का मोटिवेशनल प्रोग्राम 11 जुलाई को रखा गया था। कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो ने विरोध किया तो संतोष राय ने इसे रद्द कर दिया। संतोष राय ने सुहानी शाह को फोन कर कार्यक्रम रद्द करने की सूचना भी दे दी है।

दरअसल भाजयुमो द्वारा सुहानी शाह का विरोध इसलिए किया जा रहा है क्योंकि उसने कुछ दिन पहलू बागेश्वर धाम के महाराज धीरेन्द्र शास्त्री को लेकर टिप्पणी की थी। सुहानी शाह ने एक इंटरव्यू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के चमत्कार को ट्रिक बताया था। सुहानी ने कहा था कि वह इसे चमत्कार नहीं मानती है। बागेश्वर धाम में लोग एक ही जैसी समस्या लेकर आते हैं और इसे बताना बेहद आसान होता है। सुहानी शाह ने कहा था कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का यह कोई चमत्कार नहीं बल्कि माइंड रीडिंग की एक ट्रिक है। सुहानी शाह के इसी टिप्पणी को लेकर भाजयुमो ने उनके कार्यक्रम का विरोध किया। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशम दत्ता ने इस कार्यक्रम को रद्द करने के लिए कलेक्टर और दुर्ग एसपी को भी ज्ञापन सौंपा था। अब कार्यक्रम के आयोजक संतोष राय ने खुद ही कार्यक्रम को रद्द कर दिया।

## चेंबर का जिंदगी न मिलेगी दोबारा अभियान कार्यक्रम कल से

**भिलाई।** स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियमों, स्वस्थ जीवन शैली और स्वरोजगार व स्वावलंबन के लिए जागरूक करने चेंबर ऑफ कॉमर्स, भिलाई इकाई जिंदगी न मिलेगी दोबारा अभियान की शुरुआत 10 जुलाई से करने जा रहा है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन शदाणी दरबार के नवम जोत संत युधिष्ठिर लाल ने किया। मुहिम के तहत चेंबर से जुड़े विशेषज्ञ दुर्ग-भिलाई के 8 स्कूलों व कॉलेजो में जाकर चार महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को जागरूक करेंगे। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जागरूक करना है। कार्यक्रम सोमवार को सरस्वती विहार विद्यालय, हाउसिंग बोर्ड में सुबह 10.30 बजे से होगा। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।



# विधायक व महापौर ने शासकीय महात्मा गांधी प्राथमिक स्कूल मे 18 बालिकाओं को साइकिल वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती साइकिल योजना के तहत इंदिरा मार्केट मोती कम्प्लेक्स स्थित महात्मा गांधी शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में में शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



इस दौरान विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिक्षा विभाग के प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया,एमआईसी भोला महोविया के साथ 18 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई।

बालिकाओं को साइकिल वितरण के दौरान छात्रों को साइकिल प्रदान करते हुए विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि विद्या अध्ययन में बालिकाओं के लिए दूरी बाधक न हो इसलिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत की गई थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत प्रदेश की बालिकाओं को साइकिल वितरण कर घर से स्कूल की दूरी को कम कर दिया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी बालिकाओं को नियमित रूप से समयानुसार विद्यालय आने और पढ़ाई कर अपने स्कूल और माता -पिता का नाम रौशन करने का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि छात्राओं को अब स्कूल आने जाने में परेशानी नहीं होगी।उन्होंने ये भी कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम कर रही है इसके साथ साथ बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कार्यक्रम में अजय मिश्रा,राजकुमार पाली, स्कूल के प्रधान पाठक, व्याख्याता के अलावा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# सेल-निदेशक (कार्मिक) कप रणनीति का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल- एआईएमए की सहभागिता से कॉर्पोरेट एचआरडी (मानव संसाधन विकास विभाग) द्वारा निदेशक (कार्मिक) कप रणनीति यूनिट लेवल सेल मैनेजमेंट सिमुलेशन गेम्स 2023 का आयोजन 19 और 20 जुलाई 2023 को किया जाएगा। निदेशक (कार्मिक) की कप रणनीति बिजनेस सिमुलेशन गेम्स के माध्यम से रणनीतिक नेतृत्व की पहचान और विकास की एक पहल है।**

जिसे सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली दो दिवसीय बिजनेस सिमुलेशन का ऑनलाइन आयोजन करेगा। यह अभ्यास व्यवसाय के सभी पहलुओं जैसे वित्त, विपणन, संचालन आदि को कवर करेगा। इस प्रतियोगिता में सेल के सभी अधिकारी तीन सदस्यीय टीम के रूप में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताएं दो स्तरों पर आयोजित की जाएंगी। रणनीति का लेवल-1 प्लांट/यूनिट स्तरीय प्रतियोगिता, एआईएमए द्वारा सभी प्लांट्स/यूनिटों के लिए ऑनलाइन आयोजित की जाएगी और रणनीति 2023 की लेवल-2 प्रतियोगिता, लेवल-1 प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच भौतिक रूप से आयोजित की जाएगी। लेवल 1 के बाद फाइनल (लेवल 2) के लिए प्रत्येक स्थान से दो टीमों का चयन किया जाएगा। संबंधित संयंत्र/इकाई के आयोजन/शिक्षण मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा किए जाएंगे।

प्रतियोगिता का फाइनल एमटीआई, रांची में आयोजित किया जाएगा जहां पुरस्कार वितरण समारोह होगा। सेल निदेशक (कार्मिक) द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र हेतु निदेशक (कार्मिक) कप रण-नीति 2023 का एमपी हॉल, बीएमडीसी, सेक्टर-7 में 19 और 20 जुलाई 2023 को संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें हिस्सा ले सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2023 रखी गयी है।

### ग्राम नगपुरा में विश्राम गृह भवन का हुआ लोकार्पण

# विश्राम गृह बनने से आश्रय की बेहतर सुविधा मिल सकेगी, जनता को मिलेगा लाभ - ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम नगपुरा में विश्राम गृह भवन का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की विश्राम गृह भवन बनने से आश्रय की बेहतर सुविधा मिल सकेगी और जनता को बैठकों के आयोजन हेतु इसक लाभ मिलेगा।**



दुर्ग ग्रामीण विधासनभा की जनता को शासन की लाभदायक योजनाओं का लाभ और विकास कार्यों की सौगात देकर समृद्ध एवं सक्षम बनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि यह नवीन विश्राम गृह भवन लगभग 80 लाख की राशि से बनाया गया है। इस भवन में 03 विश्राम कक्ष,एक डायनिग हाल,एक किचन शेड ,एवं 50 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाला एक सभाकक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा विश्राम गृह के परिसर पर पौधा रोपण किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, जिला पंचायत सद्स्य लक्ष्मी साहू, अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नदकुमार सेन, रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिंहा, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ दुर्ग रिवेंद्र यादव,जनपद सदस्य राकेश हिरवानी,राजेश साहू,रोहित साहू,कैलाश सिन्हा,कार्य पालन अभियंता एस के श्रीवास, कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी आर एल गायकवाड , एस डी यो अनुभागीय अधिकारी सुशील उड़कुरे, एस डी यो संध्या बंजारे,सब इंजीनियर प्रफुल रावत, उपअभिनता रेणुका साहू उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी हुई तेज, हर बूथ में बूथ कमेटी का गठन, सिखा रहे बूथ मैनेजमेंट की कला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव आने वाला है। चुनाव के पहले ही कांग्रेस ने अपनी तैयारी सख्ती से शुरू कर दी है। इस बार कांग्रेस का प्लान ही दूसरा है। कांग्रेस इस बार विधानसभा चुनाव जीतने के लिए बूथ पर फोकस कर रही है। बूथ को मजबूत बनाकर हर बूथ को जीतने की रणनीति तैयार कर ही है। और इसमें कांग्रेस काफी हद तक सफल और मजबूत योजना बनाकर काम भी शुरू कर दी है।

इसी कड़ी जिला कांग्रेस कमेटी के मागदर्शन और नेतृत्व में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के सहयोग से भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ चलो अभियान जोर पकड़ने लगा है। भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी श्री मनोज पांडेय जी ने बूथ को मजबूत बनाते के लिए कमान संभाल ली है और वे रोज बैठकें कर रहे हैं। श्री मनोज पांडेय द्वारा हर वार्ड में जाकर बूथ कमेटी बनाई जा रही है। साथ ही आने वाले दिनों में कैसे काम करना है।



इसकी रणनीति बना रहे हैं। बूथ को मजबूत बनाने के लिए बूथ कमेटी के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को बूथ मैनेजमेंट की ट्रेनिंग भी दी जा रही है कि कैसे बूथ को मजबूत कर सकते है। कैसे मतदाताओं को युवाओं को कांग्रेस की रीति-नीति के बारे में बताकर, शासन की जनहितैषी, महत्वाकांक्षी योजनाओं लोगों को कितना लाभ हो। प्रदेश में कांग्रेस सरकार की सरकार आने के बाद युवाओं को कितने रोजगार मिले, खुर्सीपार का कितना विकास हुआ। इस तरह शासन और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से मतदाताओं को दिल जीता जा सके। इसकी जानकारी दे रहे हैं।

### हर वार्ड के हर बूथ में चल रहा अभियान

वार्ड 44 के बूथों में जाकर बूथ कमेटी का गठन किया गया। और आने वाले समय के कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जा रही। इसी प्रकार वार्ड 50, वार्ड 49, वार्ड 38 के बूथों में जाकर बूथ कमेटी का गठन और आने वाले समय के कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जा रही। लगातार अभियान चल रहा है और भिलाई निगम क्षेत्र के हर वार्ड के हर बूथ में यह अभियान चलाया जाएगा। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि श्री डी कामराजू जी छाया पार्षद मंगल सिंह जी, सुनील गोयल,भोलू श्रीवास्तव जी,नागमणि जी, शंकर राव जी , मुरलीधर जी, असगर कुरैशी, राजा देवांगन, एम गोपाल राव,प्रदीप यादव,संगम यादव,और पदाधिकारी गण कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिवनाथ नदी उफान पर महमरा एनीकेट के 15 गेट खोले गए

# बढ़ते जल स्तर से बचाव हेतु प्रशासन जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शिवनाथ नदी में मोंगरा जलाशय का पानी छोड़ा गया, आसपास के क्षेत्रों में दो दिन से लगातार बारिश होने से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। महमरा एनीकेट से 3 फीट पानी उपर चल रहा है। कई वर्षो के बाद एनीकेट के कुल 30 गेट में से 15 गेट खोल दिए गए है।

शिवनाथ नदी के उफान देखने के लिए पहुंचे विधायक वोरा ने जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग को गुरूद्वारा के पास व नदी मुक्ति धाम के पास 24 घंटा एसडीआरएफ की टीम को तट पर रहने व सिंचाई विभाग से सुरक्षा के लिए लगाए गए जाली व गैट की रिपेयरिंग के लिए कहा व निगम को प्रकाश व्यवस्था एवं शासन से एक करोड़ पचास लाख रूपये की राशि सीसी कैमरा हेतु स्वीकृत करायी गयी है। सीसी कैमरा जल्द लगाएं व पुलिस अधीक्षक से लगातार पुलिस मानीटरिंग का निर्देश दिया कुछ ही दिन पूर्व दो छात्रों की मौत हुई थी व आज दो नहाने आये युवकों को बचाने का कार्य स्थानीय गोताखोरों ने किया विधायक अरूण वोरा ने आम जन से अपील की है नदी तट पर जाने से बचे । दुर्ग भिलाई की 10 लाख आबादी को शुद्ध जल प्रदाय हेतु तीन साल से चल रहे पुलगांव नाला का तीन करोड़ पचास लाख रूपये नदी डायवर्शन स्थल से कार्य में विलंब को देखते हुए आयुक्त नगर निगम दुर्ग से निरीक्षण के दौरान चर्चा की शहर विधायक वोरा को बताया गया कि पंप व ट्रांसफार्मर का की काम शेष है जिसे दो माह में पूर्ण कर लिया जावेगा। वर्तमान में डायवर्शन पाइप लाईन का कार्य चल रहा है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950